रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-23102020-222695
CG-DL-E-23102020-222695

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3346] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 23, 2020/कार्तिक 1, 1942
No. 3346] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 23, 2020/ KARTIKA 1, 1942

गृह मंत्रालय

(जम्मू, कश्मीर और लद्दाख विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर, 2020

का. आ. 3774(अ). – केंद्रीय सरकार, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 96 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के संबंध में निम्नलिखित आदेश करती है, अर्थात्:-

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम लद्दाख पुनर्गठन (केंद्रीय विधियों का अनुकूलन) आदेश 2020 है।

(2) यह तुरंत प्रवृत्त होगा।

2. साधारण खंड अधिनियम, 1897 इस आदेश के निर्वचन के लिए वैसे ही लागू होगा, जैसे यह भारत राज्यक्षेत्र में प्रवृत्त विधियों के लिए निर्वचन के लिए लागू होता है।

3. तत्काल प्रभाव से इस आदेश की अनूसूची में उल्लिखित अधिनियम, जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरसित या संशोधित नहीं कर दिया जाता है, उक्त अनुसूची द्वारा निदेशित अनुकूलनों और उपांतरणों के अधीन रहते हुए प्रभावी होंगे या यदि इस प्रकार निदेशित किया गया है, तो निरसित हो जाएंगे।

4. जहां इस आदेश में ऐसा अपेक्षित है कि किसी अधिनियम की किसी विनिर्दिष्ट धारा या अन्य भाग में कतिपय अन्य शब्दों के स्थान पर कतिपय शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे या कतिपय शब्दों का लोप किया जाएगा वहां, यथास्थिति, ऐसा प्रतिस्थापन या लोप, वहां के सिवाय जहां अन्यथा अभिव्यक्त रुप से उपबंधित है, जहां कहीं निर्दिष्ट शब्द उस धारा या उसके भाग में आते हैं, किया जाएगा।

5. इस आदेश के ऐसे उपबंध, जो किसी विधि के अनुकूलन करते हैं, या उसका उपांतरण करते हैं जिससे उसे ऐसी रीति में परिवर्तित किया जा सके जिसमें ऐसा प्राधिकार जिसके द्वारा या ऐसी विधि जिसके अधीन या जिसके अनुसार ऐसी कोई शक्तियां प्रयोक्तव्य हों, 31 अक्तूबर, 2019 से पहले सम्यक रुप से जारी की गई किसी अधिसूचना, किए गए आदेश, की गई प्रतिबद्धता, कुर्की, बनाई गई उपविधि, बनाए गए नियम या विनियम को या सम्यक रूप की गई किसी बात को अविधिमान्य नहीं बनाएंगे; और ऐसी किसी अधिसूचना, आदेश, प्रतिबद्धता, कुर्की, उपविधि, नियम या विनियम या किसी बात का वैसी ही रीति में, वैसे ही विस्तार तक, और वैसी ही परिस्थितियों में प्रतिसंहरण, फेरफार या अकृत किया जा सकेगा मानो वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस आदेश के प्रारंभ के पश्चात् और ऐसे मामले को उस समय लागू उपबंधों के अनुसार बनाया गया हो, जारी किया गया हो या किया गया हो।

6. इस आदेश की अनूसूची में विनिर्दिष्ट किसी विधि का निरसन या संशोधन –

(क) इस प्रकार निरसित किसी विधि के पूर्ववर्ती प्रवर्तन या उसके अधीन सम्यक रूप से की गई या सहन की गई किसी बात को;

(ख) इस प्रकार निरसित किसी विधि के अधीन अर्जित, प्रोदभूत या उपगत किसी अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व को;

(ग) इस प्रकार निरसित किसी विधि के विरुद्ध कारित किसी अपराध के संबंध में उपगत किसी शास्ति, समपहरण या दंड को;

(घ) यथापूर्वोक्त किसी ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता, दायित्व शास्ति, समपहरण या दंड के संबंध में कोई अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार को,

प्रभावित नहीं करेगा और ऐसे किसी अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार को वैसे ही संस्थित, जारी या प्रवर्तित किया जा सकेगा और ऐसी किसी शास्ति, समपहरण या दंड को वैसे ही अधिरोपित किया जा सकेगा मानो जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) या यह आदेश पारित न किया गया हो।

(2) उप पैरा (1) के उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी ऐसी विधि के अधीन की गई कोई बात या किसी कार्रवाई को (जिसके अंतर्गत की गई कोई नियुक्ति या प्रत्यायोजन, जारी अधिसूचना, अनुदेश या निदेश, विरचित प्ररूप, उपविधि या स्कीम, अभिप्राप्त प्रमाणपत्र, दिया गया परमिट या अनुज्ञप्ति या किया गया रजिस्ट्रीकरण या निष्पादित करार भी है) लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र को अब विस्तारित और लागू केंद्रीय विधि के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई समझी जाएगी और तदनुसार तब तक प्रवृत्त बनी रहेगी जब तक अब लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन पर विस्तारित केंद्रीय विधि के अधीन की गई किसी बात या कार्रवाई द्वारा उसे अधिक्रांत नहीं कर दिया जाता है।

******

अनुसूची

(पैरा 3 देखें)

केंद्रीय विधियां

1. **अधिवक्ता अधिनियम, 1961**

(1961 का 25)

धारा 2.— उपधारा (2) में "जम्मू-कश्मीर राज्य में या", "वह राज्य या" शब्दों का लोप करें ।

धारा 58कच -- लोप करें ।

******

2. प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958

(1958 का 24)

धारा 2क का लोप करें ।

******

3. माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996

(1996 का 26)

धारा 1.—उपधारा (1) में परंतुक और स्पष्टीकरण का लोप करें ।

धारा 8 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

विवाद को मध्यक्ता या सुलह के लिए निर्दिष्ट करने के लिए धारा 9 या धारा 11 के अधीन याचिका के अभिग्रहण की न्यायालय की शक्ति

8क.(1) यदि धारा 9 या धारा 11 के अधीन याचिका के लंबित रहने के दौरान न्यायालय को यह प्रतीत होता है कि समझौता के ऐसे तत्व विद्यमान है, जो पक्षकारों को स्वीकार्य हो सकते हैं, तो न्यायालय पक्षकारों की सहमति से—

(क) मध्यक्ता ; या

(ख) सुलह

के लिए उनके विवादों के समाधान के लिए पक्षकारों को निर्दिष्ट कर सकेगा ।

(2) मध्यक्ता के लिए विवाद के निर्देश के लिए प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :--

(क) जहां किसी विवाद को मध्यक्ता के अवलंबन द्वारा समाधान के लिए निर्दिष्ट किया गया है, वहां इस अधिनियम के अधीन विरचित प्रक्रिया लागू होगी ;

(ख) विवाद के सफल समाधान की दशा में, मध्यक तुरंत मध्यस्था किए गए समझौते को निर्दिष्ट न्यायालय को अग्रेषित करेगा ;

(ग) मध्यस्था किए गए समझौते की प्राप्ति पर निर्दिष्ट न्यायालय स्वतंत्र रूप से अपना न्यायिक मस्तिष्क उपयोग करेगा और यह समाधान अभिलिखित करेगा कि मध्यस्था किया गया समझौता वास्तविक, विधिपूर्ण, स्वैच्छिक, दवाब के बिना, अनुचित प्रभाव के बिना, कपट के बिना या मिथ्या व्यपदेशन के बिना किया गया है तथा उसे स्वीकार करने में कोई अन्य विधिक बाधा नहीं है ;

(घ) न्यायालय शपथ पर पक्षकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के कथन अभिपुष्टि करते हुए अभिलिखित करेगा कि मध्यस्था किए गए समझौता के साथ-साथ समझौते के निबंधनों के पालन हेतु पक्षकारों द्वारा स्पष्ट प्रतिज्ञान किया गया है ;

(ङ) यदि समाधान होने पर न्यायालय समझौते के निबंधनानुसार आदेश पारित करेगा ;

(च) यदि मुख्य याचिका, जिसमें किया गया निर्देश लंबित है तो उसे उसके निबंधनानुसार निर्दिष्ट न्यायालय द्वारा निपटारा किया जाएगा ;

(छ) यदि मुख्य याचिका का, जिसमें निर्देश किया गया था, निपटारा कर दिया जाता है तो मध्यस्था किया गया समझौता और वह विषय निर्दिष्ट न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा, जो खंड (ग), खंड (घ) और खंड (ङ) के अनुसार आदेशों को पारित करेगा ;

(ज) ऐसे मध्यस्था किए गए समझौते की वही प्रास्थिति और प्रभाव होगा, जो एक माध्यस्थम् पंचाट की होती है और इसे धारा 36 के अधीन विनिर्दिष्ट रीति में प्रवृत्त किया जा सकेगा ।

(3) सुलह के लिए विवाद के निर्देश के संबंध में इस अधिनियम के भाग 2 के उपबंध वैसे ही लागू होंगे मानो सुलह कार्यवाहियां पक्षकारों द्वारा इस अधिनियम के सुसंगत उपबंधों के अधीन आरंभ की गई हों ।

विवाद को मध्यक्ता या सुलह के लिए निर्दिष्ट करने के लिए धारा 34 या धारा 37 के अधीन विषयों के अभिग्रहण की न्यायालय की शक्ति

8ख.(1) यदि धारा 34 के अधीन याचिका या धारा 37 के अधीन अपील के लंबित रहने के दौरान न्यायालय को यह प्रतीत होता है कि समझौता के ऐसे तत्व विद्यमान है, जो पक्षकारों को स्वीकार्य हो सकते हैं, तो न्यायालय पक्षकारों की सहमति से—

(क) मध्यक्ता ; या

(ख) सुलह

के लिए उनके विवादों के समाधान के लिए पक्षकारों को निर्दिष्ट कर सकेगा ।

(2) मध्यक्ता के लिए विवाद के निर्देश के लिए प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :--

(क) जहां किसी विवाद को अवलंबन द्वारा मध्यक्ता को समाधान के लिए निर्दिष्ट किया गया है वहां इस अधिनियम के अधीन विरचित प्रक्रिया लागू होगी ;

(ख) विवाद के सफल समाधान की दशा में मध्यक तुरंत मध्यक समझौते को निर्दिष्ट न्यायालय को अग्रेषित करेगा ;

(ग) मध्यस्था समझौते की प्राप्ति पर निर्दिष्ट न्यायालय स्वतंत्र रूप से अपना न्यायिक मस्तिष्क उपयोग करेगा और यह समाधान अभिलिखित करेगा कि मध्यस्था किया गया समझौता वास्तविक, विधिपूर्ण, स्वैच्छिक, दवाब के बिना, अनुचित प्रभाव के बिना, कपट के बिना या मिथ्या व्यपदेशन के बिना किया गया है तथा उसे स्वीकार करने में कोई अन्य विधिक बाधा नहीं है ;

(घ) न्यायालय शपथ पर पक्षकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों का कथन यह अभिपुष्टि करते हुए अभिलिखित करेगा कि मध्यस्था किए गए समझौता के साथ-साथ समझौते के निबंधनों के कथन के पालन हेतु पक्षकारों द्वारा स्पष्ट प्रतिज्ञान किया गया है ;

(ङ) यदि समाधान होने पर न्यायालय समझौते के निबंधनानुसार आदेश पारित करेगा ;

(च) यदि मुख्य याचिका, जिसमें किया गया निर्देश लंबित है तो उसे उसके निबंधनानुसार निर्दिष्ट न्यायालय द्वारा निपटारा किया जाएगा ;

(छ) यदि मुख्य याचिका का, जिसमें निर्देश किया गया था, निपटारा कर दिया जाता है तो मध्यस्था किया गया समझौता और वह विषय निर्दिष्ट न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा, जो खंड (ग), खंड (घ) और खंड (ङ) के अनुसार आदेशों को पारित करेगा ;

(ज) ऐसे मध्यस्था किए गए समझौते की वही प्रास्थिति और प्रभाव होगा, जो एक माध्यस्थम् पंचाट की होती है और इसे धारा 36 के अधीन विनिर्दिष्ट रीति में प्रवृत्त किया जा सकेगा ।

(3) सुलह के लिए विवाद के निर्देश के संबंध में इस अधिनियम के भाग 3 के उपबंध वैसे ही लागू होंगे मानो सुलह कार्यवाहियां पक्षकारों द्वारा इस अधिनियम के सुसंगत उपबंधों के अधीन आरंभ की गई हों ।

धारा 29क.—

(क) उपधारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा--

"(1) पंचाट उस तारीख से, जिसको माध्यस्थम् अधिकरण निर्देश लेता है, बारह मास की अवधि के भीतर किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण—इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए माध्यस्थम् अधिकरण को उस तारीख को निर्देश लिया हुआ समझा जाएगा, जिसको, यथास्थिति, मध्यस्थ या सभी मध्यस्थ अपनी नियुक्ति के संबंध में लिखित में नोटिस प्राप्त कर चुके हों ।";

(ख) उपधारा (4) में दूसरे और तीसरे परंतुक का लोप किया जाएगा ।

धारा 34.—

(i) उपधारा (2) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें--

"(2क) कोई माध्यस्थम् पंचाट न्यायालय द्वारा अपास्त किया जा सकेगा यदि न्यायालय यह पाता है कि पंचाट, पंचाट के मुख पृष्ठ पर दी गई सुस्पष्ट अवैधानिकता द्वारा दूषित है :

परंतु पंचाट को केवल विधि के त्रुटिपूर्ण अनुप्रयोग या साक्ष्य के पुन: मूल्यांकन के आधार पर अपास्त नहीं किया जाएगा ।";

(ii) उपधारा (3) में,--

(क) "तीन मास" के स्थान पर "छह मास" रखें ;

(ख) परंतुक में "तीन मास" और "तीस दिन" के स्थान पर क्रमश: "छह मास" और "साठ दिन" रखें ।

******

4. भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996

(1996 का अधिनियम सं. 27)

धारा 49 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित करें, अर्थात् :-

"49क. अपराधों का प्रशमन –धारा 47, धारा 48 और धारा 49 के अधीन दंडनीय अपराध, अभियोजन संस्थित करने के पूर्व या उसके पश्चात् अभिकथित अपराधी के आवेदन पर, ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा, जिसे समुचित सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, पचास हजार रुपए से अनधिक प्रशमन की रकम के संदाय के लिए प्रशमित कर दिया जाएगा :

परंतु समुचित सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा ऊपर विनिर्दिष्ट प्रशमन की रकम को संशोधित कर सकेगी :

परंतु यह और कि एक ही अपराधी द्वारा तीन से अधिक अवसरों पर किए गए समान प्रकृति के अपराध प्रशमनीय नहीं होंगे :

परंतु यह भी ऐसे अपराधों का प्रशमन केवल अभिकथित अपराधी द्वारा ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी के ऐसे समाधानप्रद रूप में कार्य करने के पश्चात् ही किया जाएगा कि ऐसा अपराध आगे और जारी नहीं रहेगा ।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का प्रशमन किया गया है वहां ऐसे अपराध के संबंध में अपराधी के विरुद्ध आगे और कार्यवाहियां नहीं की जाएगी और अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, को निर्मोचित या उन्मोचित कर दिया जाएगा ।"

******

5. जनगणना अधिनियम, 1948

(1948 का 37)

धारा 2क.—लोप करें ।

******

6. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

(1908 का 5)

धारा 35.—धारा 35 की उपधारा (1) में "वाणिज्यिक" शब्द का लोप करें ।

धारा 35क.—धारा 35क में उपधारा (2) का लोप करें ।

पहली अनुसूची

(क) आदेश 5 के नियम 1 के उपनियम (1) में दूसरे परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित रखें :--

"परंतु यह और कि जहां प्रतिवादी तीस दिन की उक्त अवधि के भीतर लिखित कथन फाइल करने में असफल रहता है तो उसे ऐसे अन्य दिवस पर लिखित कथन फाइल करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जो न्यायालय द्वारा, लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से और ऐसे खर्चे के संदाय पर, जो न्यायालय ठीक समझे, विनिर्दिष्ट किया जाए, किंतु जो समन तामील किए जाने के तारीख से एक सौ बीस दिन के पश्चात् नहीं होगा और समन तामील किए जाने की तारीख से एक सौ बीस दिन के अवसान पर, प्रतिवादी लिखित कथन फाइल करने के अधिकार का प्रतिसंहरण करेगा तथा न्यायालय लिखित कथन को लेखबद्ध किए जाने को अनुज्ञात नहीं करेगा ।";

(ख) आदेश 7 में नियम 2 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

"(2क) **जहां वाद में हित चाहा गया है—**(1) जहां वादी ब्याज चाहता है तो वाद में उपनियम (2) और (3) के अधीन वर्णित ब्यौरों के साथ उस प्रभाव का कथन अंतर्विष्ट होगा ।

(2) जहां वादी ब्याज चाहता है वहां वाद में यह कथन किया जाएगा कि क्या वादी धारा 34 के अर्थांतर्गत वाणिज्यिक संव्यवहार के संबंध में ब्याज चाहता है और इसके अतिरिक्त यदि वादी ऐसा किसी संविदा के निबंधनों के अधीन या किसी अधिनियम के अधीन कर रहा है, जिस दशा में वाद-पत्र में अधिनियम को विनिर्दिष्ट किया जाना है या किसी अन्य आधार पर और उसके आधार का कथन करेगा ।

(3) अभिवचनों में निम्नलिखित भी कथन किया जाएगा—

(क) वह दर, जिस पर ब्याज का दावा किया जाता है ;

(ख) वह तारीख, जिससे इसका दावा किया जाता है ;

(ग) वह तारीख, जिस तक इसकी गणना की जाती है ;

(घ) संगणना की तारीख तक दावा किए गए ब्याज की कुल रकम ; और

(ङ) वह दैनिक दर, जिस पर उस तारीख के पश्चात् ब्याज उद्भूत होता है ।

(ग) आदेश 8 में,--

(i) नियम 1 में परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित रखें—

"परंतु जहां प्रतिवादी तीस दिन की उक्त अवधि के भीतर लिखित कथन फाइल करने में असफल रहता है तो उसे ऐसे अन्य दिवस पर लिखित कथन फाइल करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जो न्यायालय द्वारा, लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से और ऐसे खर्चे के संदाय पर, जो न्यायालय ठीक समझे, विनिर्दिष्ट किया जाए, किंतु जो समन तामील किए जाने के तारीख से एक सौ बीस दिन के पश्चात् नहीं होगा और समन तामील किए जाने की तारीख से एक सौ बीस दिन के अवसान पर प्रतिवादी लिखित कथन फाइल करने के अधिकार का प्रतिसंहरण करेगा तथा न्यायालय लिखित कथन को लेखबद्ध किए जाने को अनुज्ञात नहीं करेगा ।";

(ii) नियम 3 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

3क. वादों के प्रतिवादी द्वारा प्रत्याख्यान—(1) प्रत्याख्यान उपनियम (2), (3) (4) और (5) में उपबंधित रीति में किया जाएगा ।

(2) प्रतिवादी अपने लिखित कथन में यह कथन करेगा कि वह वाद-पत्र की विशिष्टियों में किन अभिकथनों का प्रत्याख्यान करता है, किन अभिकथनों को वह स्वीकार या अस्वीकार करने में असमर्थ है, किंतु जो वह वादी से प्रमाणित करने की अपेक्षा करता है और किन अभिकथनों को वह स्वीकार करता है ।

(3) जहां कोई प्रतिवादी किसी वाद-पत्र में तथ्य के अभिकथन से प्रत्याख्यान करता है तो उसे ऐसा करने के कारण बताने चाहिए और यदि वह वादी द्वारा दिए गए घटनाओं के वृतांत से अलग वृतांत अग्रेषित करना चाहता है तो उसे अपने वृतांत का कथन करना चाहिए ।

(4) यदि प्रतिवादी न्यायालय की अधिकारिता को विवादित मानता है तो उसे ऐसा करने के कारणों का कथन करना चाहिए और यदि वह समर्थ है तो उसे इस बारे में स्वयं अपना कथन कि कौन सा न्यायालय अधिकारिता वाला होना चाहिए, करना चाहिए ।

(5) यदि प्रतिवादी वाद के वादी मूल्यांकन को विवादित मानता है तो उसे ऐसा करने के अपने कारणों का कथन करना चाहिए और यदि वह समर्थ है तो उसे वाद के मूल्य के संबंध में स्वयं कथन करना चाहिए ।

(iii) नियम 5 के उपनियम (1) के पहले परंतुक के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

"परंतु यह और कि वाद-पत्र में तथ्य का प्रत्येक अभिकथन यदि नियम 3क के अधीन उपबंधित रीति में प्रत्याख्यान नहीं किया जाता है तो उसे निर्योग्य व्यक्ति के विरुद्ध के सिवाय स्वीकार किया जाएगा ।"

(iv) नियम 10 में निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

"परंतु कोई भी न्यायालय लिखित कथन फाइल करने के लिए नियम 1 के अधीन उपबंधित समय को बढ़ाने के लिए आदेश नहीं करेगा ।";

(घ) आदेश 11 के स्थान पर निम्नलिखित रखें,--

"आदेश 11

दस्तावेजों का प्रकटन, खोज और निरीक्षण

1. **दस्तावेजों का प्रकटन और खोज—**(1) वादी, वाद-पत्र के साथ वाद के संबंध में उसकी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में रखे सभी दस्तावेजों की सूची और सभी दस्तावेजों की छाया प्रतियां फाइल करेगा, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित भी है--

(क) वादी द्वारा वाद-पत्र में निर्दिष्ट और भरोसा किए गए दस्तावेज ;

(ख) वाद-पत्र फाइल करने की तारीख को वादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में की गई कार्रवाईयों में प्रश्नगत किसी विषय से संबंधित दस्तावेज, इस बात को ध्यान में लाए बिना कि वे वादी के मामले के समर्थन में हों या उसके प्रतिकूल ; और

(ग) इस नियम की कोई बात वादियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को लागू नहीं होगी और केवल निम्नलिखित के लिए सुसंगत होगी—

(i) प्रतिवादी के साक्षियों की प्रति परीक्षा के लिए, या

(ii) वाद-पत्र के फाइल किए जाने के पश्चात् प्रतिवादी द्वारा संस्थित किए गए किसी मामले के उत्तर में, या

(iii) साक्षी को केवल उसकी स्मृति को ताजा करने के लिए दिए गए ।

(2) वाद-पत्र के साथ फाइल किए गए दस्तावेजों की सूची में यह विनिर्दिष्ट होगा कि क्या वादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में दस्तावेज वास्तविक हैं, कार्यालय प्रतियां हैं या छाया प्रतियां हैं तथा सूची में संक्षेप में प्रत्येक दस्तावेज के पक्षकारों के ब्यौरे, ढंग या निष्पादन, निर्गमन या प्राप्ति तथा प्रत्येक दस्तावेज की अभिरक्षा का तरीका भी उपवर्णित होगा ।

(3) वाद-पत्र में शपथ पर वादी की ओर से यह घोषणा अंतर्विष्ट होगी कि वादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में सभी दस्तावेज, जो उसके द्वारा आरंभ की गई कार्यवाहियों के तथ्यों और परिस्थितियों से संबंधित हैं, प्रकट किए गए हैं और वाद-पत्र के साथ उनकी प्रतियां उपाबद्ध की गई हैं तथा वादी की अपनी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में कोई अन्य दस्तावेज नहीं हैं ।

स्पष्टीकरण—इस उपनियम के अधीन शपथ पर परिशिष्ट 1 में यथा उपवर्णित सत्य के कथन में एक घोषणा अंतर्विष्ट की जाएगी ।

(4) आवश्यक फाइल किए जाने के मामले में, वादी शपथ-पत्र को ऊपर की गई घोषणा के भाग के रूप में और न्यायालय द्वारा प्रदान की गई ऐसी इजाजत के अधीन रहते हुए वादी न्यायालय में अतिरिक्त दस्तावेजों को शपथ पर इस घोषणा के साथ वाद फाइल करने के तीस दिन के अंदर फाइल करेगा कि वादी ने उसके द्वारा आरंभ की गई कार्यवाहियों के तथ्यों और परिस्थितियों

से संबंधित उसकी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा वाले सभी दस्तावेज पेश कर दिए हैं और वादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में कोई अन्य दस्तावेज नहीं है ।

(5) न्यायालय की इजाजत से ही अन्यथा नहीं, वादी को उन दस्तावेजों पर विश्वास करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जो वादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में थे और जिन्हें वाद पत्र के साथ या ऊपर उपवर्णित की गई विस्तारित अवधि के भीतर प्रकट नहीं किया गया था और ऐसी इजाजत वादी द्वारा वाद-पत्र के साथ प्रकट न किए जाने के युक्तियुक्त कारण को सिद्ध करने पर ही प्रदान की जाएगी ।

(6) वाद-पत्र में उन दस्तावेजों के ब्यौरे उपवर्णित होंगे, जिन्हें वादी, प्रतिवादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में होने का विश्वास करता है तथा जिन पर वादी, विश्वास करना चाहता है तथा उक्त प्रतिवादी द्वारा उनको पेश करने के लिए इजाजत चाहता है ।

(7) प्रतिवादी, लिखित कथन के साथ या उसके प्रति दावे, यदि कोई हो, के साथ उसकी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में रखे सभी दस्तावेजों की सूची और सभी दस्तावेजों की छाया प्रतियां फाइल करेगा, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित भी है--

(क) प्रतिवादी द्वारा लिखित कथन में निर्दिष्ट और भरोसा किए गए दस्तावेज ;

(ख) प्रतिवादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में की गई कार्यवाहियों में प्रश्नगत किसी विषय से संबंधित दस्तावेज, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि क्या प्रतिवादी के मामले के समर्थन में है या उसके प्रतिकूल है ; और

(ग) इस नियम की कोई बात प्रतिवादियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को लागू नहीं होगी और केवल निम्नलिखित के लिए सुसंगत होगी—

(i) वादी के साक्षियों की प्रति परीक्षा के लिए, या

(ii) वाद पत्र के फाइल किए जाने के पश्चात् वादी द्वारा संस्थित किए गए किसी मामले के उत्तर में, या

(iii) साक्षी को केवल उसकी स्मृति को ताजा करने के लिए दिए गए ।

(8) लिखित कथन या प्रतिदावे के साथ फाइल किए गए दस्तावेजों की सूची में यह विनिर्दिष्ट होगा कि क्या प्रतिवादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में दस्तावेज वास्तविक हैं, कार्यालय प्रतियां हैं या छाया प्रतियां हैं तथा प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत सूची में संक्षेप में प्रत्येक दस्तावेज के पक्षकारों के ब्यौरे, ढंग या निष्पादन, निर्गमन या प्राप्ति तथा प्रत्येक दस्तावेज की अभिरक्षा का तरीका भी उपवर्णित होगा ।

(9) लिखित कथन या प्रतिदावे में शपथ पर अभिसाक्षी द्वारा की गई यह घोषणा अंतर्विष्ट होगी कि प्रतिवादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में सभी दस्तावेज, उपनियम (7) के खंड (ग) के उपखंड (iii)में उपवर्णित के सिवाय, जो वादी द्वारा आरंभ या प्रतिदावे में की गई कार्यवाहियों के तथ्यों और परिस्थितियों से संबंधित हैं, प्रकट किए गए हैं और लिखित कथन या प्रति दावे के साथ उनकी प्रतियां उपाबद्ध हैं तथा प्रतिवादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण और अभिरक्षा में कोई अन्य दस्तावेज नहीं हैं ।

(10) उपनियम (7) के सिवाय, न्यायालय की इजाजत से ही अन्यथा नहीं वादी को उन दस्तावेजों पर विश्वास करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जो प्रतिवादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में थे और जिन्हें लिखित कथन या प्रतिदावे के साथ प्रकट नहीं किया गया था और ऐसी इजाजत प्रतिवादी द्वारा लिखित कथन या प्रतिदावे के साथ प्रकट न किए जाने के युक्तियुक्त कारण को सिद्ध करने पर ही दी जाएगी ।

(11) लिखित कथन या प्रतिदावे में उन दस्तावेजों के ब्यौरे उपवर्णित होंगे, जिन्हें प्रतिवादी, वादी की शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में होने का विश्वास करता है तथा जिन्हें प्रतिवादी विश्वास करना चाहता है तथा उक्त वादी द्वारा उनको प्रस्तुत करने के लिए इजाजत चाहता है ।

(12) उन दस्तावेजों के प्रकटन का कर्तव्य, जो पक्षकार के नोटिस में आ चुके हैं, वाद के निपटारे तक बना रहेगा ।

2. परिप्रश्नों द्वारा प्रकटीकरण—(1) किसी भी वाद में वादी या प्रतिवादी, न्यायालय की इजाजत से विरोधी पक्षकारों या ऐसे पक्षकारों में से किसी एक या अधिक की परीक्षा करने के लिए लिखित परिप्रश्न परिदत्त कर सकेगा और परिदत्त किए जाते समय ऐसे परिप्रश्नों में एक पाद टिप्पण होगा कि ऐसे व्यक्तियों में से हर एक ऐसे परिप्रश्नों में से किनका उत्तर देने के लिए अपेक्षित है :

परंतु कोई भी पक्षकार उस प्रयोजन के लिए आदेश के बिना एक ही पक्षकार को परिप्रश्नों के एक संवर्ग से अधिक उस प्रयोजन के लिए परिदान नहीं करेगा :

परंतु यह और भी कि वे परिप्रश्न, जो वाद में प्रश्नगत किसी विषय से संबंधित नहीं है, इस बात के होते हुए भी कि विसंगत समझे जाएंगे कि वे साक्षी की मौखिक प्रति परीक्षा करने में ग्राह्य हैं ।

(2) परिप्रश्नों के परिदान के लिए इजाजत के लिए आवेदन पर वे विशिष्ट परिप्रश्न, जिनका परिदान किए जाने की प्रस्थापना है, न्यायालय के समक्ष रखे जाएंगे और वह न्यायालय उक्त आवेदन के फाइल किए जाने के दिन से सात दिन के भीतर विनिश्चित करेगा, ऐसे आवेदन पर विनिश्चय करने में न्यायालय किसी ऐसी प्रस्थापना पर विचार करेगा, जो उस पक्षकार ने जिससे परिप्रश्न किया जाना है, प्रश्नगत बातों या उनमें से किसी से संबंधित विशिष्टियों को परिदत्त करने या स्वीकृतियां करने या दस्तावेजें पेश करने के लिए हों और उसके समक्ष रखें गए परिप्रश्नों में से केवल ऐसे परिप्रश्नों के संबंध् में इजाजत दी जाएगी, जिन्हें न्यायालय या तो वाद के ऋजु निपटारे के लिए या खर्चों में बचत करने के लिए आवश्यक समझे ।

(3) वाद के खर्चों का समायोजन करने में ऐसे परिप्रश्नों के प्रदर्शन के औचित्य के लिए जांच किसी पक्षकार की प्रेरणा पर की जाएगी और यदि विनिधारक अधिकारी या न्यायालय की राय जांच के लिए आवेदन पर या उसके बिना यह है कि ऐसे परिप्रश्न अयुक्तियुक्त, तंग करने के लिए या अनुचित विस्तार के साथ प्रदर्शित किए गए हैं तो उक्त परिप्रश्नों और उनके उत्तरों के कारण हुए खर्चे हर हालत में उस पक्षकार द्वारा दिए जाएंगे, जिसने यह कसूर किया है ।

(4) परिप्रश्न परिशिष्ट ग के प्ररूप सं. 2 में ऐसे फेरफार के साथ, जो परिस्थितियों में अपेक्षित हों, उपबंधित किए जाएंगे ।

(5) जहां वाद का कोई पक्षकार निगम या व्यक्तियों का निकाय है चाहे वह निगमित हो या नहीं, अपने स्वयं के नाम से या किसी अधिकारी या अन्य व्यक्ति के नाम से विधि द्वारा वाद करने या उस पर वाद लाने के लिए सशक्त है तो कोई विरोधी पक्षकार ऐसे निगम या निकाय के किसी सदस्य या अधिकारी को परिप्रश्न अनुदत्त करना अनुज्ञात करते हुए किसी आदेश के लिए आवेदन कर सकेगा और तदनुसार आदेश किया जा सकेगा ।

(6) किसी भी परिप्रश्न का उत्तर देने की बाबत इस आधार पर कि वह परिप्रश्न कलंकात्मक या विसंगत है या वाद के प्रयोजन के लिए सदभावपूर्वक प्रदर्शित नहीं किया गया है या वे विषय, जिनके बारे में पूछताछ की गई है, उस प्रक्रम में पर्याप्त रूप से तात्विक नहीं हैं या विशेषाधिकार के आधार पर या किसी अन्य आधार पर कोई भी आक्षेप उत्तर में दिए गए शपथपत्र में किया जा सकेगा ।

(7) कोई भी परिप्रश्न इस आधार पर अपास्त किए जा सकेंगे कि वे अयुक्तियुक्तत: या तंग करने के लिए प्रदर्शित किए गए हैं या इस आधार पर काट दिए जा सकेंगे कि वे अतिविस्तृत, पीड़ा पहुंचाने वाले, अनावश्यक या कलंकात्मक है और इस प्रयोजन के लिए कोई भी आवेदन परिप्रश्नों की तामील के पश्चात् सात दिन के भीतर किया जा सकेगा ।

(8) परिप्रश्नों का उत्तर शपथपत्र द्वारा दिया जाएगा, जो दस दिन के भीतर या ऐसे अन्य समय के भीतर, जो न्यायलय अनुज्ञात करे, फाइल किया जाएगा ।

(9) परिप्रश्नों के उत्तर में दिया गया शपथपत्र परिशिष्ट ग के प्रष्प संख्यांक 3 में ऐसे फेरफार के साथ होगा, जो परिस्थितियों में अपेक्षित हो ।

(10) उत्तर में दिए गए किसी शपथपत्र पर कोई भी आक्षेप नहीं किए जाएंगे । किंतु किसी शपथपत्र के अपर्याप्त होने का आक्षेप किए जाने पर उसका अपर्याप्त होना या न होना न्यायालय द्वारा अवधारित किया जाएगा ।

(11) जहां कोई व्यक्ति परिप्रश्न किया गया है, उत्तर देने का लोप करता है या अपर्याप्त उत्तर देता है वहां परिप्रश्न करने वाला पक्षकार न्यायालय से इस आदेश के लिए आवेदन कर सकेगा कि उस पक्षकार से यह अपेक्षा की जाए कि वह, यथास्थिति, उत्तर

दे या अतिरिक्त उत्तर दे और उससे यह अपेक्ष करने वाला आदेश लिया जा सकेगा कि वह, न्यायालय द्वारा जैसा भी निदेश दिया जाए, या तो शपथपत्र द्वारा या मौखिक परीक्षा द्वारा उत्तर दे या अतिरिक्त उत्तर दे ।

3. निरीक्षण—(1) सभी पक्षकार लिखित कथन या प्रतिदावे के प्रति लिखित कथन, जो भी पश्चातवर्ती हो, को फाइल करने की तारीख से तीस दिन के भीतर प्रकटित सभी दस्तावेजों का परीक्षण पूरा करेंगे, न्यायालय अपने विवेकानुसार आवेदन किए जाने पर इस समय-सीमा को बढ़ा सकेगा किंतु वह किसी भी दशा में तीस दिन से अधिक नहीं होगी ।

(2) कार्यवाही का कोई भी पक्षकार, अन्य पक्षकार द्वारा ऐसे दस्तावेजों के निरीक्षण या प्रस्तुत करने के लिए कार्यवाहियों के किसी भी प्रक्रम पर न्यायालय से निदेश प्राप्त करने का अनुरोध कर सकेगा जिनका निरीक्षण ऐसे पक्षकार द्वारा अस्वीकृत किया गया है या प्रस्तुत करने के नोटिस को जारी करने के बावजूद भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं ।

(3) ऐसे आवेदन में आदेश ऐसा आवेदन फाइल करने के तीस दिन के भीतर किया जाएगा, जिसके अंतर्गत उत्तर और प्रत्युत्तर (यदि न्यायालय द्वारा अनुज्ञात किया जाए) फाइल करना और सुनवाई भी है ।

(4) यदि उपरोक्त आवेदन को अनुज्ञात किया जाता है तो निरीक्षण और उसकी प्रतियां ऐसे आदेश के पांच दिन के भीतर इसकी मांग करने वाले पक्षकार को प्रस्तुत की जाएंगी ।

(5) न्यायालय की इजाजत से ही अन्यथा नहीं, किसी पक्षकार को ऐसे दस्तावेज पर विश्वास करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जिसे वह प्रकट करने में असफल रहा था या जिसका निरीक्षण नहीं किया गया है ।

(6) न्यायालय व्यतिक्रमी पक्षकार के विरुद्ध निदर्शनात्मक खर्च अधिरोपित कर सकेगा, जो वाद से संबंधित या उसमें विनिश्चय के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों को जानबूझकर या अवहेलना करके प्रकट करने में असफल रहा है और जो उसकी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में हैं या जहां न्यायालय यह अभिनिर्धारित करता है कि किन्हीं दस्तावेजों की प्रतियों का निरीक्षण प्रतियां सदोषपूर्ण या अयुक्तियुक्त रूप से रोका गया है या इंकार किया गया है ।

4. दस्तावेजों की स्वीकृति और अस्वीकृत करना—(1) प्रत्येक पक्षकार प्रकट किए गए उन सभी दस्तावेजों की स्वीकृति या अस्वीकृति के कथन को, जिनका निरीक्षण पूर्ण हो गया है, उन्हें निरीक्षण पूर्ण होने के पन्द्रह दिन के भीतर या न्यायालय द्वारा तय किए गए अनुसार किसी पश्चातवर्ती तारीख तक प्रस्तुत करेगा ।

(2) स्वीकृति और अस्वीकृति के कथन में स्पष्ट रूप से निम्नलिखित उपवर्णित होगा कि क्या ऐसा पक्षकार स्वीकार कर रहा है या अस्वीकार कर रहा है—

(क) दस्तावेज की अंतर्वस्तु का सही होना ;

(ख) दस्तावेज का विद्यमान होना ;

(ग) दस्तावेज का निष्पादन ;

(घ) दस्तावेज का जारी किया जाना या उसकी प्राप्ति ;

(ङ) दस्तावेज की अभिरक्षा ।

स्पष्टीकरण—खंड (ख) के अनुसार किसी दस्तावेज के अस्तित्व को स्वीकार या अस्वीकार करने वाले कथन में किसी दस्तावेज की अंतर्वस्तु को स्वीकार करना या अस्वीकार करना सम्मिलित होगा ।

(3) प्रत्येक पक्षकार ऊपर दिए गए किन्हीं आधारों के अधीन किसी दस्तावेज को अस्वीकार करने के कारण बताएगा तथा असमर्थित अस्वीकृतियां दस्तावेज की अस्वीकृतियां नहीं समझी जाएंगी तथा ऐसे दस्तावेजों का सबूत न्यायालय के निदेश के अनुसार अभिमुक्त किया जा सकेगा ।

(4) तथापि कोई भी पक्षकार तृतीय पक्षकार के दस्तावेजों के लिए स्पष्ट इंकार प्रस्तुत कर सकेगा, जिनका अस्वीकार करने वाला पक्षकार कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं रखता तथा जिनका अस्वीकार करने वाला पक्षकार किसी भी रीति में पक्षकार नहीं है ।

(5) स्वीकृति और अस्वीकृति के कथन के समर्थन में एक शपथ-पत्र कथन की अंतर्वस्तुओं की सत्यता की पुष्टि करते हुए फाइल किया जाएगा ।

(6) उस दशा में, जब न्यायालय यह अभिनिर्धारित करता है कि किसी पक्षकार ने ऊपर वर्णित मापदंडों में से किसी मानदंड के अधीन कोई दस्तावेज स्वीकार करने से असम्यक् रूप से इंकार कर दिया है तो किसी दस्तावेज की स्वीकार्यता के विनिश्चय के लिए खर्च (निदर्शनात्मक खर्चों सहित) ऐसे पक्षकार पर न्यायालय द्वारा अधिरोपित किया जा सकेगा ।

(7) न्यायालय स्वीकार किए गए दस्तावेजों के संबंध में आदेश पारित कर सकेगा, जिसके अंतर्गत उन पर और सबूत का अधित्यजन या किसी दस्तावेज को अस्वीकार करना भी है ।

5. दस्तावेज पेश करना—(1) किसी कार्यवाही का कोई पक्षकार या न्यायालय आदेश द्वारा किसी वाद के लंबित रहने के दौरान किसी भी समय किसी पक्षकार या व्यक्ति द्वारा ऐसे पक्षकार या व्यक्ति के कब्जे या शक्ति में ऐसे दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का आदेश कर सकेगा, जो ऐसे वाद में प्रश्नगत किसी विषय से संबंधित हैं ।

(2) ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस परिशिष्ट ग में प्ररूप सं. 7 में उपबंधित प्ररूप में जारी किया जाएगा ।

(3) कोई पक्षकार या व्यक्ति, जिसे दस्तावेज पेश करने के लिए ऐसा नोटिस जारी किया गया है, उसे सात दिन से अन्यून और पन्द्रह दिन से अनधिक समय ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने या ऐसे दस्तावेज को प्रस्तुत करने में असमर्थतता का उत्तर देने के लिए दिया जाएगा ।

(4) न्यायालय दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस को जारी करने के पश्चात् ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत करने से इंकार करने वाले पक्षकार के विरुद्ध प्रतिकूल अनुमान लगाएगा और जहां ऐसे दस्तावेज को पेश न करने के लिए पर्याप्त कारण नहीं दिए गए हैं, वहां खर्च का आदेश देगा ।

6. इलैक्ट्रानिक अभिलेख—(1) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) में यथा परिभाषित इलैक्ट्रानिक अभिलेखों के प्रकटन और निरीक्षण के मामले में प्रिंट आउट प्रस्तुत करना उक्त उपबंधों का पर्याप्त अनुपालन होगा ।

(2) पक्षकारों के विवेकानुसार या जहां अपेक्षित हो (उस समय जब पक्षकार आडियो या वीडियो अंतर्वस्तु पर विश्वास करने की इच्छा करते हैं) इलैक्ट्रानिक अभिलेखों की प्रतियां या तो उनके अतिरिक्त या प्रिंट आउट के बदले में इलैक्ट्रानिक रूप में प्रस्तुत की जा सकेंगी ।

(3) जहां इलैक्ट्रानिक अभिलेख प्रकट किए गए दस्तावेजों के भाग हैं, वहां पक्षकार द्वारा फाइल घोषणा या शपथ में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होगा—

(क) ऐसे इलैक्ट्रानिक अभिलेख के पक्षकार ;

(ख) वह रीति, जिसमें ऐसा इलैक्ट्रानिक अभिलेख प्रस्तुत किया गया था और उसे किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था ;

(ग) ऐसे प्रत्येक इलैक्ट्रानिक अभिलेख को तैयार करने या उसके भंडारण या उसे जारी करने अथवा उसे प्राप्त करने की तारीखें और समय ;

(घ) ऐसे इलैक्ट्रानिक अभिलेख का स्रोत और वह तारीख तथा वह समय जब इलैक्ट्रानिक अभिलेख का मुद्रण किया गया था ;

(ङ) ई-मेल पते के मामले में स्वामित्व, अभिरक्षा तथा ऐसे ई-मेल पते तक पहुंच के ब्यौरे ;

(च) कंप्यूटर या कंप्यूटर स्रोत में भंडारित दस्तावेजों के मामले में (बाह्य सर्वर या क्लाउड सहित) उसके स्वामित्व, अभिरक्षा तथा कंप्यूटर या कंप्यूटर स्रोत के ऐसे डाटा तक पहुंच के ब्यौरे ;

(छ) अभिसाक्षी का अंतर्वस्तु का ज्ञान तथा अंतर्वस्तु की सत्यता ;

(ज) क्या ऐसे दस्तावेज या डाटा तैयार करने या प्राप्त करने या भंडारण करने के लिए प्रयुक्त कंप्यूटर या कंप्यूटर स्रोत उचित ढंग से कार्य कर रहा था या त्रुटिपूर्ण कार्यकरण करने की दशा में ऐसे त्रुटिपूर्ण कार्यकरण ने भंडारित दस्तावेज की अंतर्वस्तुओं को प्रभावित नहीं किया है ;

(झ) प्रस्तुत प्रिंट आउट या प्रति मूल कंप्यूटर या कंप्यूटर स्रोत से ली गई थी ।

(4) किसी इलैक्ट्रानिक अभिलेख के प्रिंट आउट या इलैक्ट्रानिक प्रति पर विश्वास करने वाले पक्षकारों से इलैक्ट्रानिक अभिलेख के निरीक्षण की अपेक्षा नहीं की जाएगी, यदि ऐसे पक्षकार द्वारा यह घोषणा की जाती है कि ऐसी प्रत्येक प्रति, जिसे प्रस्तुत किया गया है, उसे मूल इलैक्ट्रानिक अभिलेखों से बनाया गया है ।

(5) न्यायालय इलैक्ट्रानिक अभिलेखों की स्वीकार्यता के लिए कार्यवाहियों के किसी भी प्रक्रम पर निदेश दे सकेगा ।

(6) कोई भी पक्षकार न्यायालय से यह निदेश ले सकेगा और न्यायालय स्वप्रेरणा से किसी इलैक्ट्रानिक अभिलेख के अतिरिक्त सबूत को प्रस्तुत करने के लिए निदेश दे सकेगा, जिसके अंतर्गत ऐसे इलैक्ट्रानिक अभिलेख को स्वीकार करने के पूर्व मेटा डाटा या लॉग भी हैं ।";

(ङ) आदेश 15 के पश्चात् अंत:स्थापित करें—

"आदेश 15क

मामला प्रबंधन सुनवाई

1. प्रथम मामले की प्रबंधन सुनवाई—न्यायालय प्रथम मामले की प्रकरण प्रबंधन सुनवाई वाद के सभी पक्षकारों द्वारा दस्तावेजों को स्वीकार या अस्वीकार करने के शपथ-पत्र को फाइल करने की तारीख से चार सप्ताह के अपश्चात् आयोजित करेगा ।

2. मामले की प्रबंधन सुनवाई में पारित किए जाने वाले आदेश—मामले की प्रबंधन सुनवाई में पक्षकारों को सुनने के पश्चात् और जब यह पाया जाता है कि तथ्य और विधि के ऐसे मुद्दे हैं, जिनका विचारण किया जाना अपेक्षित है तो वहां न्यायालय निम्नलिखित आदेश पारित कर सकेगा—

(क) अभिवचनों, दस्तावेजों और उसके समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करने के पश्चात् तथा आदेश 10 के नियम 2 के अधीन न्यायालय द्वारा परीक्षण करने पर, यदि अपेक्षित हो, तो आदेश 14 के अनुसार पक्षकारों के बीच मुद्दे विरचित करना ;

(ख) पक्षकारों द्वारा परीक्षण करने के लिए साक्षियों को सूचीबद्ध करना ;

(ग) वह तारीख नियत करना, जिस तक पक्षकारों द्वारा साक्ष्य का शपथ-पत्र फाइल किया जाना है ;

(घ) वह तारीख नियत करना, जिसको पक्षकारों के साक्षियों के साक्ष्य अभिलिखित किए जाने हैं ;

(ङ) वह तारीख नियत करना, जिस तक पक्षकारों द्वारा न्यायालय के समक्ष लिखित तर्क फाइल किए जाने हैं ;

(च) वह तारीख नियत करना, जिसको न्यायालय द्वारा मौखिक तर्क सुने जाने हैं ;

(छ) मौखिक तर्कों का संबोधन करने के लिए पक्षकारों तथा उनके अधिवक्ताओं के लिए समय-सीमा निर्धारित करना ।

3. विचारण को पूरा करने के लिए समय-सीमा—नियम 2 के प्रयोजनों के लिए तारीख नियत करने या समय-सीमा निर्धारित करने में न्यायालय यह सुनिश्चित करेगा कि प्रथम मामला प्रबंधन सुनवाई की तारीख से छह मास के अपश्चात् तर्क समाप्त हो जाएं ।

4. दिन प्रतिदिन आधार पर मौखिक साक्ष्य को लेखबद्ध करना—न्यायालय, जहां तक संभव हो, यह सुनिश्चित करेगा कि साक्ष्य को अभिलिखित करना प्रतिदिन आधार पर तब तक किया जाएगा, जब तक सभी साक्षियों की प्रति परीक्षा पूर्ण नहीं हो जाती ।

5. विचारण के दौरान मामला प्रबंधन सुनवाईयां—न्यायालय, यदि आवश्यक हो समुचित आदेश जारी करने के लिए विचारण के दौरान किसी भी समय मामला प्रबंधन सुनवाईयां आयोजित करेगा, जिससे नियम 2 के अधीन नियत तारीखों का पक्षकारों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके और वाद के त्वरित निपटारे को सुकर बनाया जा सके ।

6. मामला प्रबंधन सुनवाई में न्यायालय की शक्तियां—इस आदेश के अधीन किसी मामला प्रबंधन सुनवाई में न्यायालय को निम्नलिखित शक्तियां होंगी—

(क) मुद्दों को विरचित करने के पूर्व, आदेश 13क के अधीन पक्षकारों द्वारा फाइल किसी लंबित आवेदन पर सुनवाई और उसे विनिश्चित करना ;

(ख) मुद्दे विरचित करने के लिए सुसंगत और आवश्यक दस्तावेजों तथा अभिवचनों के संकलन को फाइल करने के लिए पक्षकारों को निदेश देना ;

(ग) किसी पद्धति, निदेश या न्यायालय आदेश के अनुपालन के लिए समय को बढ़ाना या कम करना, यदि वह ऐसा करने का पर्याप्त कारण पाता है ;

(घ) किसी सुनवाई को स्थगित करना या पहले करना, यदि वह ऐसा करने का पर्याप्त कारण पाता है ;

(ङ) आदेश 10 के नियम 2 के अधीन परीक्षा के प्रयोजनों के लिए किसी पक्षकार को न्यायालय में उपसंजात होने के लिए निदेश देना ;

(च) कार्यवाहियों को समेकित करना ;

(छ) किसी साक्षी के नाम या साक्ष्य को हटाना, जो वह विरचित मुद्दों के लिए असंगत समझता है ;

(ज) किसी मुद्दे के पृथक् विचारण के लिए निदेश देना ;

(झ) वह आदेश विनिश्चित करना, जिसमें मुद्दों का विचारण किया जाना है ;

(ञ) किसी मुद्दे को विचार किए जाने से अपवर्जित करना ;

(ट) किसी प्राथमिक मुद्दे पर विनिश्चय के पश्चात् किसी दावे को खारिज करना या उस पर निर्णय देना ;

(ठ) यह निदेश देना कि साक्ष्य आयोग द्वारा वहां अभिलिखित किया जाए, जहां वह आदेश 26 के अनुसार आवश्यक है ;

(ड) पक्षकारों द्वारा फाइल किए गए साक्ष्य के किसी शपथ-पत्र को असंगत, अग्राह्य या तर्क संगत सामग्री अंतर्विष्ट करने के लिए खारिज करना ;

(ढ) पक्षकारों द्वारा फाइल किए गए साक्ष्य के शपथ-पत्र के किसी भाग को हटाना, जिसमें असंगत, अस्वीकार्य या तर्क संगत सामग्री अंतर्विष्ट है ;

(ण) साक्ष्य के अभिलेख को इस प्रयोजन के लिए न्यायालय द्वारा नियुक्त ऐसे प्राधिकारी को प्रत्यायोजित करना ;

(त) आयोग या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा साक्ष्य को लेखबद्ध करने की मानीटरी से संबंधित कोई आदेश पारित करना ;

(थ) किसी पक्षकार को भूमि आदान-प्रदान खर्च बजट फाइल करने के लिए आदेश करना ;

(द) मामले के प्रबंधन के तथा वाद के दक्ष निपटारे को सुनिश्चित करने के उद्देश्य के अध्यारोहण को अग्रसर करने के प्रयोजन के लिए निदेश जारी करना या कोई आदेश पारित करना ।

(2) जब इस आदेश के अधीन न्यायालय अपनी शक्तियों के प्रयोग करते हुए आदेश पारित करता है तो वह—

(क) इसे इन शर्तों के अधीन कर सकेगा, जिसके अंतर्गत न्यायालय में धनराशि के संदाय करने की शर्त भी है ; और

(ख) आदेश या शर्त के अनुपालन में असफलता के परिणाम को विनिर्दिष्ट कर सकेगा ।

(3) मामला प्रबंधन सुनवाई के लिए तारीख नियत करते समय न्यायालय यह निदेश दे सकेगा कि ऐसे मामला प्रबंधन सुनवाई के लिए पक्षकार भी उपस्थित रहें, यदि उसका यह मत है कि पक्षकारों के बीच समझौते की संभावना है ।

7. मामला प्रबंधन सुनवाई का स्थगन—(1) न्यायालय केवल इस कारण से कि पक्षकार की ओर से उपस्थित होने वाला अधिवक्ता उपस्थित नहीं है, मामला प्रबंधन सुनवाई को स्थगित नहीं करेगा :

परंतु आवेदन प्रस्तुत करके अग्रिम सुनवाई के स्थगन में, न्यायालय ऐसा आवेदन प्रस्तुत करने पक्षकार द्वारा ऐसे खर्च के संदाय पर, जो न्यायालय ठीक समझे, सुनवाई को अन्य तारीख तक स्थगित कर सकेगा ।

(2) इस नियम में किसी बात के होते हुए भी, यदि न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि अधिवक्ता की अनुपस्थिति का न्यायोचित कारण है तो वह ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो वह ठीक समझे, सुनवाई को अन्य तारीख तक स्थगित कर सकेगा ।

8. आदेशों के अननुपालन के परिणाम—जहां कोई पक्षकार मामला प्रबंधन सुनवाई में पारित न्यायालय के आदेश के अनुपालन में असफल रहता है, वहां न्यायालय को निम्नलिखित शक्तियां होंगी—

(क) न्यायालय को खर्च के संदाय द्वारा ऐसे अननुपालन को माफ करना ;

(ख) अननुपालन करने वाले पक्षकार के, यथास्थिति, शपथ-पत्र फाइल करने, साक्षियों की प्रति परीक्षा का संचालन करने, लिखित आवेदन फाइल करने, मौखिक तर्क संबोधन या विचारण में और तर्क देने के अधिकार का पुरोबंध करना ; या

(ग) वादी को वाद अनुज्ञात करने से अस्वीकार करना, जहां ऐसा अननुपालन जानबूझकर और बारबार किया गया हो तथा खर्च अधिरोपित करना, अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं है ।";

(च) आदेश 18 में--

(क) नियम 2 के उपनियम (3) में निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

"(3क) पक्षकार मौखिक तर्क आरंभ होने के चार सप्ताह पहले न्यायालय को अपने मामले के समर्थन में संक्षिप्त और सुस्पष्ट शीर्षकों के अधीन लिखित तर्क प्रस्तुत करेगा और ऐसे लिखित तर्क अभिलेख का भाग होंगे ।

(3ख) लिखित तर्कों में तर्कों के समर्थन में विधि के उपबंधों को उद्धृत करना स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा तथा पक्षकार द्वारा निर्णयों के दृष्टांतों पर विश्वास किया जाएगा और इसके अंतर्गत पक्षकार द्वारा वर्णित निर्णयों की प्रतियां भी सम्मिलित होंगी ।

(3ग) ऐसे लिखित तर्कों की एक प्रति साथ ही साथ विरोधी पक्षकार को भी दी जाएगी ।

(3घ) न्यायालय, यदि वह ठीक समझे, तर्कों के समाप्त होने के पश्चात् तर्कों के समाप्त होने की तारीख के पश्चात् एक सप्ताह से अनधिक की अवधि के भीतर पुनरीक्षित लिखित तर्क फाइल करने के लिए पक्षकारों को अनुज्ञात कर सकेगा ।

(3ङ) लिखित तर्कों को फाइल करने के प्रयोजन के लिए कोई स्थगन अनुदत्त नहीं किया जाएगा, यदि न्यायालय लिखित में लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से ऐसा स्थगन अनुदत्त करना आवश्यक समझता है ।

(3च) विषय की प्रकृति और जटिलता को ध्यान में रखते हुए, न्यायालय इसके लिए स्वतंत्र होगा कि मौखिक निवेदन के लिए समय सीमित करे ।

(ख) नियम 4 के उपनियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

"(1क) सभी साक्षियों के साक्ष्यों के शपथ-पत्र, जिनके साक्ष्य का पक्षकार द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाना प्रस्तावित है, प्रथम मामला प्रबंधन सुनवाई में निदेशित समय पर उस पक्षकार द्वारा साथ-साथ फाइल किए जाएंगे ।

(1ख) पक्षकार किसी साक्षी के शपथ-पत्र द्वारा अतिरिक्त साक्ष्य नहीं लगाएगा (जिसके अंतर्गत वह साक्षी भी है, जिसने पहले ही शपथ-पत्र फाइल कर दिया है) जब तक कि उस प्रयोजन के लिए आवेदन में पर्याप्त कारण नहीं दिया जाता और न्यायालय द्वारा कारण देते हुए और ऐसा अतिरिक्त शपथ-पत्र अनुज्ञात करते हुए आदेश पारित नहीं किया जाता ।

(1ग) तथापि, किसी पक्षकार को ऐसे साक्षी की प्रतिपरीक्षा के प्रारंभ के पूर्व किसी भी समय इस प्रकार फाइल किए गए किन्हीं शपथ-पत्रों को ऐसे वापस लिए जाने के आधार पर कोई प्रतिकूल अनुमान लगाए बिना उन्हें वापस लेने का अधिकार होगा :

परंतु कोई अन्य पक्षकार ऐसे वापस लिए गए शपथ-पत्र में की गई स्वीकारोक्ति को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने का हकदार होगा ।"।

(छ) आदेश 19 में, नियम 3 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें,--

"**4. न्यायालय साक्ष्य को नियंत्रित कर सकेगा**—(1) न्यायालय, निदेशों द्वारा उन मुद्दों पर, जिनमें साक्ष्य अपेक्षित है तथा वह रीति, जिसमें ऐसे साक्ष्य न्यायालय के समक्ष रखा जा सकेगा, साक्ष्य विनियमित करने के लिए निदेश दे सकेगा ।

(2) न्यायालय अपने विवेकानुसार और लिखित में लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से उस साक्ष्य का अपवर्जन कर सकेगा, जिसे पक्षकारों द्वारा अन्यथा प्रस्तुत किया गया होता ।

5. साक्ष्य को संपादित करना या अस्वीकृत करना—न्यायालय, अपने विवेकानुसार लिखित में लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से—

(i) मुख्य परीक्षा के शपथ-पत्र के ऐसे भागों को संपादित कर सकेगा या संपादित करने का आदेश दे सकेगा, जो उसके दृष्टिकोण में, साक्ष्य गठित नहीं करता ; या

(ii) मुख्य परीक्षा के शपथ-पत्र को वापस या अस्वीकृत कर सकेगा, जो स्वीकार्य साक्ष्य का गठन नहीं करता ।

6. साक्ष्य के शपथ-पत्र का प्रारूप और मार्गदर्शी सिद्धांत—कोई शपथ-पत्र नीचे दिए गए प्ररूप और अपेक्षाओं के अनुसार होना चाहिए :--

(क) ऐसा शपथ-पत्र, उन तारीखों और घटनाओं के कालानुक्रम तक सीमित और उनका अनुसरण करने वाला होना चाहिए, जो किसी तथ्य या मामले से संबंधित किसी विषय को सिद्ध करने के लिए सुसंगत हों ;

(ख) जहां न्यायलाय का यह मत है कि कोई शपथ-पत्र मात्र अभिवचनों की प्रस्तुति है या इसमें किसी पक्षकार के मामले के विधिक आधार अंतर्विष्ट हैं तो न्यायालय आदेश द्वारा शपथ-पत्र या शपथ-पत्र के ऐसे भागों को हटा सकेगा, जो वह ठीक और उचित समझे ;

(ग) किसी शपथ-पत्र का प्रत्येक पैरा, जहां तक संभव हो, विषय के स्पष्ट भाग तक सीमित हो ;

(घ) शपथ-पत्र में निम्नलिखित का कथन होगा—

(i) ऐसे कौन से कथन, जो इसमें अभिसाक्षी के स्वयं के ज्ञान से किए गए हैं और जो सूचना या विश्वास के विषय हों ; और

(ii) सूचना या विश्वास के किसी विषय के लिए स्रोत ।

(ङ) शपथ-पत्र में निम्नलिखित होना चाहिए,--

(i) इसके पृष्ठ क्रमवर्ती रूप से पृथक् दस्तावेज के रूप में संख्यांकित होने चाहिए (या एक फाइल में अंतर्विष्ट कई दस्तावेजों में से एक होना चाहिए) ;

(ii) इसे संख्यांकित पैरा में विभाजित होना चाहिए ;

(iii) इसमें सभी संख्याएं होनी चाहिए, जिसके अंतर्गत अंकों में दर्शित तारीखें भी हैं ; और

(iv) यदि शपथ-पत्र के मुख्य भाग में निर्दिष्ट दस्तावेज किसी अन्य अभिवचन में शपथ-पत्र से उपाबद्ध हैं तो ऐसे दस्तावेजों के उपाबंधों और पृष्ठों को दें, जिन पर विश्वास किया गया है";

(ज) परिशिष्ट ज के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें—

"परिशिष्ट-झ

सत्य का कथन

[पहली अनुसूची, आदेश 11,नियम 1, उपनियम (3) के अधीन]

मैं, ... अभिसाक्षी सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं और यह घोषणा करता हूं कि—

1. मैं, उपरोक्त वाद में पक्षकार हूं और यह शपथ-पत्र करने के लिए सक्षम हूं ।
2. मैं, मामले के तथ्यों से पर्याप्त रूप से परिचित हूं और मैनें उसके संबंध में सभी सुसंगत दस्तावेजों और अभिलेखों का परीक्षण कर लिया है ।
3. मैं यह कथन करता हूं कि ..... पैरा में किए गए कथन मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य हैं और ..... पैरा में किए गए कथन प्राप्त सूचना पर आधारित हैं, जिन्हें मैं सही होने का विश्वास करता हूं तथा ..... पैरा में किए गए कथन विधिक सलाह पर आधारित हैं ।
4. मैं यह कथन करता हूं कि मिथ्या कथन या किसी तात्विक तथ्यों, दस्तावेजों या अभिलेखों को छिपाया नहीं गया है और मैंने मेरे अनुसार वर्तमान वाद के लिए सुसंगत जानकारी सम्मिलित कर दी है ।
5. मैं यह कथन करता हूं कि मेरे द्वारा आरंभ की गई कार्यवाहियों के तथ्यों और परिस्थितियों से संबंधित मेरी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में सभी दस्तावेज प्रकट कर दिए गए हैं तथा वाद पत्र के साथ उनकी प्रतियां उपाबद्ध हैं और मेरी शक्ति, कब्जे, नियंत्रण या अभिरक्षा में कोई अन्य दस्तावेज नहीं हैं ।
6. मैं यह कथन करता हूं कि ऊपर वर्णित अभिवचन ..... कुल पृष्ठों से मिलकर बने हैं, जिनमें से प्रत्येक मेरे द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित है ।
7. मैं यह कथन करता हूं कि इसके उपाबंध मेरे द्वारा निर्दिष्ट और विश्वास किए गए दस्तावेजों की सत्य प्रतियां हैं ।
8. मैं यह कथन करता हूं कि मैं इस बात से अवगत हूं कि कोई भी मिथ्या कथन या छुपाने से मैं स्वयं के विरुद्ध तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन कार्रवाई किए जाने के लिए दायी हो जाऊंगा ।

स्थान :

तारीख :

अभिसाक्षी

सत्यापन

मैं, ... यह घोषणा करता हूं कि ऊपर किए गए सभी कथन मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य हैं ।

..... पर ..... को सत्यापित ।

अभिसाक्षी"

******

7. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973

(1974 का 2)

धारा 24.- उपधारा (6) के पश्चात् अंत:स्थापित करें –

"(6क). उपधारा (1) और उपधारा (6) में किसी बात के होते हुए भी, लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन किसी ऐसे व्यक्ति को जिला न्यायालयों के लिए लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त कर सकेगा जिसने कम से कम सात वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के लिए अभियोजन काडर गठित करने वाले व्यक्तियों में से उच्च न्यायालय के परामर्श से उच्च न्यायालय के लिए लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजक और जिला न्यायालय के लिए लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजक नियुक्त किया जाना आवश्यक नहीं होगा ।"

धारा 25क.(i) उपधारा (1) और उपधारा (2) के स्थान पर रखें –

"(1) लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन एक अभियोजन निदेशालय स्थापित करेगा, जिसका प्रधान ऐसा अधिकारी होगा जिसे उक्त प्रशासन द्वारा पदाभिहित किया जाए और उसमें उतने अन्य अधिकारी होंगे जितने लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विरचित नियमों में उपबंधित हों ।

(2) अभियोजन काडर गठित करने वाले उपधारा (1) में उल्लिखित अधिकारियों के पद लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विरचित नियमों के अनुसार भरे जाएंगे ।";

(ii)उपधारा (3) में "अभियोजन निदेशक होगा" के स्थान पर "ऐसा अधिकारी होगा जो लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विरचित नियमों में विहित किया जाए"रखें ;

(iii)उपधारा (4) के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

"(4) अभियोजन निदेशालय का प्रत्येक अधिकारी निदेशालय के प्रधान अधिकारी के अधीनस्थ होगा ।"

(iv) उपधारा (5) के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

"(5) उच्च न्यायालय में मामलों का संचालन करने के लिए धारा 24 की, यथास्थिति, उपधारा (1) या उपधारा (8) के अधीन लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा नियुक्त प्रत्येक लोक अभियोजन, अपर लोक अभियोजक और विशेष लोक अभियोजनक, अभियोजन निदेशालय के प्रधान अधिकारी के अधीनस्थ होगा ।";

(v) उपधारा (7) के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

"(7) अभियोजन निदेशालय के प्रधान अधिकारी और अभियोजन काडर के अन्य अधिकारियों की शक्तियां और कृत्य वे होंगे जो लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विरचित नियमों द्वारा उपबंधित किए जाएं ।";

(vi) उपधारा (8) का लोप करें ।

पहली अनुसूची.- धारा 354घ से संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें –

1	2	3	4	5	6
"354ङ	लैंगिक उद्दापन (सेक्सटार्शन)	कम से कम तीन वर्ष के लिए कारावास किंतु जो पांच वर्ष का हो सकेगा	संज्ञेय	अजमानतीय	प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट ।"।

******

8. सांख्यिकीय संग्रहण अधिनियम, 2008

(2009 का 07)

धारा 1.- उपधारा (2) के परंतुक का लोप करें

******

9. जांच आयोग अधिनियम, 1952

(1952 का 60)

धारा 2.- खंड (क) के उपखंड (ii) के परंतुक का लोप करें ।

धारा 2.- लोप करें ।

******

10. ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970

(1970 का अधिनियम संख्यांक 37)

धारा 1.–उपधारा (4) के खंड (क) में"बीस" के स्थान पर"चालीस" रखें ।

धारा 25 के पश्चात्निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित करें, अर्थात् :-

अपराधों का प्रशमन

"25क.(1) धारा 22 की उपधारा (1) और उपधारा (2) तथा धारा 24के अधीन दंडनीय किसी अपराध का, अभियोजन संस्थित करने के पूर्व या उसके पश्चात्, अभिकथित अपराधी के आवेदन पर ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा जिसे समुचित सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, नीचे की सारणी के यथाविनिर्दिष्ट ऐसी रकम के लिए प्रशमन किया जा सकेगा :

सारणी

क्रम संख्या	धारा	प्रशमन की गई रकम	
1	2	3	
1	22(1), 22(2) और 24	उद्योग में नियोजित कर्मकारों की संख्या	से अधिक नहीं होगी
		1 से 50	5000/- रुपये
		51 से 100	8,000/- रुपये
		101 से 500	12,000/- रुपये
		500 से अधिक	16,000/- रुपये

परंतु समुचित सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा ऊपर सारणी में विनिर्दिष्ट प्रशमन की रकम को संशोधित कर सकेगी :

परंतु यह और कि एक ही अपराधी द्वारा तीन से अधिक अवसरों पर किए गए समान प्रकृति के अपराध प्रशमनीय नहीं होंगे :

परंतु यह भी ऐसे अपराधों का प्रशमन केवल अभिकथित अपराधी द्वारा ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी के ऐसे समाधानप्रद रूप में कार्य करने के पश्चात् ही किया जाएगा कि ऐसा अपराध आगे और जारी नहीं रहेगा ।

परंतु यह भी कि जब अपराध का प्रशमन मुख्य नियोजक या ठेकेदार के आवेदन पर किया जाता है तो उससे प्राप्त प्रशमन की रकम का पचहत्तर प्रतिशत संबंधित कर्मचारी को संदत्त किया जाएगा या कर्मचारियों में बराबर रकम का संदाय किया जाएगा और यदि कोई कर्मचारी पहचानने योग्य नहीं हैं तो अतिशेष रकम, समुचित सरकार द्वारा यथा अधिसूचित रीति में जमा कर दी जाएगी ।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का प्रशमन किया गया है वहां ऐसे अपराध के संबंध में अपराधी के विरुद्ध आगे और कार्यवाहियां नहीं की जाएगी और अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, को निर्मोचित या उन्मोचित कर दिया जाएगा ।"

******

11. दंत चिकित्सक अधिनियम, 1948

(1948 का 16)

धारा 2क.- लोप करें ।

धारा 33.- उपधारा (1) के तीसरे परंतुक के खंड (ग) का लोप करें ।

******

12. कारखाना अधिनियम, 1948

(1948 का अधिनियम संख्यांक 63)

धारा 2 –खंड (ड) में,

(i) उपखंड (i) में "दस या उससे अधिक कर्मकारों" शब्दों के स्थान पर "बीस या उससे अधिक कर्मकारों" शब्द रखें ;

(ii) उपखंड (i) में "बीस या उससे अधिक कर्मकारों" शब्दों के स्थान पर "चालीस या उससे अधिक कर्मकारों" शब्द रखें ;

धारा 66.–उपधारा (1) के खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(ख) स्त्रियां सभी स्थापनों में सभी प्रकार केसंकर्मों के लिए नियोजित होने की हकदार होंगी और उन्हें,उनकी सहमति से सुरक्षा,अवकाश और कार्य के घंटों से संबंधित ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए या नियोजक द्वारा अनुपालन की जाने वाली किसी अन्य ऐसी शर्त के अधीन रहते हुए,जो विहित की जाएं,प्रात: 6 बजे से पहले और सायं 7 बजे के पश्चात भी नियोजित किया जा सकेगा ;"।

******

13. सरकारी प्रतिभूति अधिनियम, 2006

(2006 का 38)

धारा 33.- लोप करें ।

******

14. उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1954

(1954 का 28)

धारा 23ग.- लोप करें ।

******

15. होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1973

(1973 का 59)

धारा 2.- उपधारा (2) का लोप करें ।

******

16. अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956

(1956 का 104)

धारा 2क.- लोप करें ।

******

17. आय-कर अधिनियम, 1961

(1961 का 43)

धारा 269ध.- लोप करें ।

******

18. भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970

(1970 का 48)

धारा 2.- उपधारा (2) कालोप करें ।

******

19. भारतीय दंड संहिता

(1860 का 45)

धारा 354घ के पश्चात् अंत:स्थापित करें –

लैंगिक उद्दापन (सेक्सटार्शन)

"354ङ- (1) जो कोई,

(क) प्राधिकार की किसी स्थिति में ; या

(ख) किसी वैश्वासिक संबंध में ; या

(ग) कोई लोक सेवक,

होने के कारण किसी स्त्री से, ऐसे किन्हीं फायदों या अन्य अनुग्रहों के बदले, जिन्हें अनुदत्त करने या विधारित करने के लिए ऐसा व्यक्ति सशक्त है, लैंगिक अनुग्रह के उद्दापन या मांग हेतु शारीरिक या अशारीरिक प्रकार के प्रपीड़न करने के लिए ऐसे प्राधिकार या वैश्वासिक संबंध का दुरूपयोग करेगा या अपनी पदीय हैसियत का कुप्रयोग करेगा, वह लैंगिक उद्दापन के अपराध का दोषी होगा ।

स्पष्टीकरण- इस धारा के प्रयोजन के लिए "लैंगिक अनुग्रह" से लैंगिक सांकेतिक आचरण, लैंगिक सुव्यक्त क्रियाकलाप, जैसे छूना, मैथुन के लिए शरीर के गुप्त अंगों का अभिदर्शन, जिसके अंतर्गत संचार के इलैक्ट्रानिक माध्यम द्वारा अभिदर्शन भी है, जैसा किसी प्रकार का अवांछित लैंगिक क्रियाकलाप अभिप्रेत है और सम्मिलित होगा ।

कोई व्यक्ति (2), जो लैंगिक उद्दापन का अपराध करेगा, वह कठोर कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष से कम नहीं होगी किंतु जो पांच वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने से दंडित किया जाएगा ।"।

******

20. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

(1947 का अधिनियम संख्यांक 14)

धारा 2क.–उपधारा (3)में "तीन वर्ष" के स्थान पर "एक वर्ष" शब्द रखें ।

धारा 25च.–खंड (ख) में "पंद्रह दिन" के स्थान पर "तीस दिन" शब्द रखें ।

धारा 25ट.–उपधारा (1) में "एक सौ" शब्द के स्थान पर "तीन सौ" शब्द रखें ।

धारा 31 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित करें :-

अपराधों का प्रशमन

"31क. (1)धारा 25थ, धारा 25द, धारा 25प, धारा 26, धारा 27, धारा 28, धारा 29, धारा 30कऔरधारा 31 कीउपधारा (1) और उपधारा (2) के अधीन किसी दंडनीय किसी अपराध का, अभियोजन संस्थित करने के पूर्व या उसके पश्चात्का, अभिकथित अपराधी के आवेदन पर ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा जिसे समुचित सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, नीचे की सारणी के यथा विनिर्दिष्ट ऐसी रकम के लिए प्रशमन किया जा सकेगा :-

सारणी

<table>
<tr><th>क्रम सं.</th><th>धारा</th><th colspan="2">प्रशमन की रकम</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td colspan="2">3</td></tr>
<tr><td>1</td><td>25थ</td><td colspan="2">प्रत्येक कर्मकार द्वारा ली गई अंतिम 25 दिन की मजदूरी</td></tr>
<tr><td>2</td><td>25द</td><td colspan="2">प्रत्येक कर्मकार द्वारा ली गई अंतिम 60 दिन की मजदूरी</td></tr>
<tr><td>3</td><td>25प</td><td colspan="2">(i) प्रत्येक कर्मकार द्वारा 150/-रु. प्रतिदिन किंतु कुल मिलाकर 3000/-रु. से अधिक नहीं होगी ;
(ii) नियोजक द्वारा 300/-रु. प्रतिदिन किंतु कुल मिलाकर नीचे दर्शित रकम से अधिक नहीं होगी ;</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>उद्योग में नियोजित कर्मकारों की संख्या</td><td>से रकम अधिक नहीं होगी</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>1 से 50</td><td>5000/-रु.</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>51 से 100</td><td>8000/-रु.</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>101 से 500</td><td>12000/-रु.</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>500 से अधिक</td><td>16000/-रु.</td></tr>
<tr><td>4</td><td>26</td><td colspan="2" rowspan="2">(i) अवैध हड़ताल की दशा में प्रत्येक कर्मकार द्वारा 150/-रु. प्रतिदिन किंतु कुल मिलाकर 3000/-रु.से अधिक नहीं होगी
(ii) अवैध तालाबंदी की दशा में किसी नियोजक द्वारा 300/-रु. प्रतिदिन किंतु कुल मिलाकर नीचे दर्शित रकम से अधिक नहीं होगी :</td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
</table>

		उद्योग में नियोजित कर्मकारों की संख्या		से रकम अधिक नहीं होगी	
		1 से 50		5000/-रु.	
		51 से 100		8000/-रु.	
		101 से 500		12000/-रु.	
		500 से अधिक		16000/-रु.	
5	27 और 28	उपरोक्त धारा 26 के अनुसार अवैध हड़ताल और तालाबंदी के लिए ।			
6	29	प्रत्येक कर्मकार के संबंध में 200/-रु. प्रतिदिन ।			
7	30क	प्रत्येक कर्मकार द्वारा ली गई अंतिम 25 दिन की मजदूरी ।			
8	31(1)	उद्योग में नियोजित कर्मकारों की संख्या	पहला अवसर	दूसरा अवसर	तीसरा अवसर
		1 से 50	5000/-रु.	10,000/-रु.	15,000/-रु.
		51 से 100	8000/-रु.	16,000/-रु.	24,000/-रु.
		101 से 500	12000/-रु.	24,000/-रु.	36,000/-रु.
		500 से अधिक	16000/-रु.	32,000/-रु.	48,000/-रु.
9	31(2)	(i) प्रत्येक कर्मकार के लिए पहले अपराध के लिए 1,000/-रु., दूसरे अपराध के लिए 2,000/-रु. और तीसरे अपराध के लिए 3,000/-रु. (ii) नियोजक के लिए :			
		उद्योग में नियोजित कर्मकारों की संख्या	पहला अवसर	दूसरा अवसर	तीसरा अवसर
		1 से 50	1500/-रु.	3,000/-रु.	6,000/-रु.
		51 से 100	3000/-रु.	6,000/-रु.	10,000/-रु.
		101 से 500	4000/-रु.	8,000/-रु.	15,000/-रु.
		500 से अधिक	5000/-रु.	10,000/-रु.	20,000/-रु.

परंतु समुचित सरकार, राजपत्र में, अधिसूचना द्वारा, उपरोक्त सारणी में विनिर्दिष्ट प्रशमन की रकम को संशोधित कर सकेगी :

परंतु यह और कि एक ही अपराधी द्वारा तीन से अधिक अवसरों पर किए गए समान प्रकृति के अपराध प्रशमनीय नहीं होंगे :

परंतु यह भी ऐसे अपराधों का प्रशमन केवल अभिकथितअपराधी द्वारा ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी के ऐसे समाधानप्रद रूप में कार्य करने केपश्चात् ही किया जाएगा कि ऐसा अपराध आगे और जारी नहीं रहेगा:

परंतु यह भी कि जब अपराध का प्रशमननियोजक के आवेदन पर किया जाता है तो उससे प्राप्त प्रशमन की रकम संबद्ध कर्मचारी को संदत्त की जाएगी या कर्मकारों में बराबर-बराबर संदत्त की जाएगी और यदि कोई कर्मकार पहचानने योग्य नहीं हैं तो अतिशेष रकम समुचित सरकार द्वारा यथा अधिसूचित रीति में जमा कर दी जाएगी ।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का प्रशमनकिया गया है वहां ऐसे अपराध के संबंध में अपराधी के विरुद्ध आगेऔरकार्यवाहियां नहीं की जाएगी और अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, को निर्मोचित/उन्मोचित कर दिया जाएगा ।"

******

21. औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946

(1946 का अधिनियम संख्यांक 20)

धारा 13ख के पश्चात् अंतःस्थापित करें--

अपराधों का प्रशमन

"13ग.(1) इस अधिनियम के अधीन दंडनीय किसी अपराध का, अभियोजन संस्थित करने के पूर्व या उसके पश्चात् अभिकथित अपराधी के आवेदन पर, पचास हजार रुपए की रकम के लिए, ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा जिसे समुचित सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, पचास हजार रुपए से अधिक की प्रशमन की रकम के संदाय द्वारा प्रशमन किया जा सकेगा :

परंतु समुचित सरकार, राजपत्र में, अधिसूचना द्वारा, उपरोक्त सारणी में विनिर्दिष्ट प्रशमन की रकम को संशोधित कर सकेगी :

परंतु यह और कि एक ही अपराधी द्वारा तीन से अधिक अवसरों पर किए गए समान प्रकृति के अपराध प्रशमनीय नहीं होंगे :

परंतु यह भी ऐसे अपराधों का प्रशमन केवल अभिकथित अपराधी द्वारा ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी के ऐसे समाधानप्रद रूप में कार्य करने केपश्चात् ही किया जाएगा कि ऐसा अपराध आगे और जारी नहीं रहेगा:

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का प्रशमन किया गया है वहां ऐसे अपराध के संबंध में अपराधी के विरुद्ध आगे और कार्यवाहियां नहीं की जाएगी और अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, को निर्मोचित या उन्मोचित कर दिया जाएगा ।"।

******

22. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016

(2016 का 31)

धारा 1.- उपधारा (2) में परंतुक का लोप करें ।

******

23. परिसीमा अधिनियम, 1963

(1963 का अधिनियम संख्यांक 36)

धारा 30 के पश्चात् अंतःस्थापित करें,-

ऐसे वादों आदि के लिए उपबंध जिनके लिए परिसीमा अधिनियम,संवत् 1995 द्वारा विहित अवधि से कम विहित अवधि है।

"30क.- इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी,-

(क) कोई वाद, जिसके लिए परिसीमा की अवधि परिसीमा अधिनियम, संवत् 1995 द्वारा विहित परिसीमा की अवधि से कम है, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के प्रारंभ के पश्चात् अगले एक वर्ष के भीतर या परिसीमा अधिनियम, संवत् 1995 द्वारा ऐसे वाद के लिए विहित अवधि के भीतर, इनमें से जो अवधि पहले समाप्त हो, संस्थित किया जा सकेगा :

परंतु यदि ऐसे किसी वाद के संबंध में एक वर्ष की उक्त अवधि परिसीमा अधिनियम, संवत् 1995 (अब निरसित) के अधीन उसके लिए विहित परिसीमा की अवधि से पहले समाप्त हो गई है और उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे वाद के संबंध में परिसीमा की उतनी अवधि के साथ एक वर्ष की उक्त अवधि, जो जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के प्रारंभ के पूर्व से पहले ही समाप्त हो गई है, परिसीमा अधिनियम, 1963 (1963 का 36) के अधीन ऐसे वाद के लिए विहित अवधि के कम है तब वाद को परिसीमा अधिनियम, 1963 के अधीन उसके लिए विहित परिसीमा की अवधि के भीतर संस्थित किया जा सकेगा ;

(ख) कोई ऐसी अपील या आवेदन, जिसके लिए परिसीमा अवधि, परिसीमा अधिनियम, संवत् 1995 द्वारा विहित परिसीमा की अवधि के कम है, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के प्रारंभ के पश्चात् अगले नब्बे दिन की अवधि के भीतर या परिसीमा अधिनियम, संवत् 1995 द्वारा ऐसी अपील या आवेदन के लिए विहित अवधि के भीतर, इनमें से जो अवधि पहले समाप्त हो, किया जा सकेगा।"

******

24. मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961

(1961 का अधिनियम संख्यांक 27)

धारा 34 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित करें,अर्थात्:-

अपराधों का प्रशमन"34क. (1) अधिनियम की धारा 29 की उपधारा (1), धारा 31 औरधारा 32 के अधीन दंडनीय किसी अपराध का, अभियोजन संस्थित करने के पूर्वया उसके पश्चात् अभिकथित अपराधी के आवेदन पर ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा, जिसे समुचित सरकार राजपत्र में

अधिसूचना द्वारा, इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, पांच हजाररुपये से अनधिक की प्रशमन की रकम के संदाय द्वारा प्रशमनकिया जा सकेगा ;

परंतु समुचित सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा ऊपर विनिर्दिष्ट प्रशमन की रकम को संशोधित कर सकेगी :

परंतु यह और कि एक ही अपराधी द्वारा तीन से अधिक अवसरों पर किए गए समान प्रकृति के अपराध प्रशमनीय नहीं होंगे :

परंतु यह भी ऐसे अपराधों का प्रशमन केवल अभिकथित अपराधी द्वारा ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी के ऐसे समाधानप्रद रूप में कार्य करने केपश्चात् ही किया जाएगा कि ऐसा अपराध आगे और जारी नहीं रहेगा ।

परंतु यह भी कि जब अपराध का प्रशमन नियोजक के आवेदन पर किया जाता है तो उससे प्राप्त प्रशमन की रकम का पचहत्तर प्रतिशत संबंधित कर्मकार को, जहां कहीं साध्य हो संदत्त किया जाएगा या कर्मकारों में बराबर बराबरबांट दिया जाएगा और यदि कोईकर्मकार पहचान योग्य नहीं हैं तो अतिशेष रकम समुचित सरकार द्वारा यथा अधिसूचित रीति में जमा कर दी जाएगी ।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का प्रशमन किया गया है वहां ऐसे अपराध के संबंध में अपराधी के विरुद्ध आगे और कार्यवाहियां नहीं की जाएगी और अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, को निर्मोचित या उन्मोचित कर दिया जाएगा ।"

******

25. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम, 1962

(1962 का 26)

धारा 2क.- लोप करें ।

******

26. राजभाषा अधिनियम, 1963

(1963 का 19)

धारा 9.- लोप करें ।

******

27. भेषजी अधिनियम, 1948

(1948 का अधिनियम संख्यांक 8)

धारा 32 के पश्चात् अंत:स्थापित करें :-

जम्मू-कश्मीर भेषजी अधिनियम, संवत् 2011 (1955 ए.डी)के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के संबंध में विशेष उपबंध

"32ग.- धारा 32 में किसी बात के होते हुए भी ऐसे किसी व्यक्ति को, जिसका नाम जम्मू-कश्मीर भेषजी अधिनियम, 2011 (1955 एडी) के अधीन अनुरक्षित भेषजज्ञों के रजिस्टर में अंतर्विष्ट किया गया है और जो उक्त अधिनियम के अधीन विहित अर्हता रखता है, 1 जनवरी, 2020 से प्रारंभ होने वाली एक वर्ष की अवधि के भीतर इस निमित्त किए गए आवेदन के अधीन रहते हुए और ऐसी फीस के संदाय पर जो लद्दाख संघ

राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विहित की जाए, इस अधिनियम के अध्याय 4 के अधीन तैयार किया गया और अनुरक्षित भेषजज्ञों के रजिस्टर में प्रविष्ट किया गया समझा जाएगा।"।

******

28. प्रेस परिषद् अधिनियम, 1978

(1978 का 37)

धारा 3.- "या जम्मू-कश्मीर" का लोप करें ।

******

29. लोक ऋण अधिनियम, 1944

(1944 का 18)

धारा 31.- लोप करें ।

******

30. रेल संपत्ति (विधिविरुद्ध कब्जा) अधिनियम, 1966

(1966 का 29)

धारा 15.- लोप करें ।

******

31. विक्रय संवर्धन कर्मचारी (सेवा शर्त) अधिनियम, 1976

(1976 का अधिनियम संख्यांक 11)

धारा 9क के पश्चात् अंत:स्थापित करें

अपराधों का प्रशमन

"9क.– (1)इस अधिनियम की धारा 4, धारा 5 और धारा 7 या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन दंडनीय किसी अपराध का, अभियोजन संस्थित करने केपूर्व या उसके पश्चात्, अभिकथित अपराधी के आवेदन पर ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा, जिसे समुचित सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वाराइस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, पचास हजार रुपये से अनधिक प्रशमन की रकम के संदाय द्वारा प्रशमन किया जा सकेगा;

परंतु समुचित सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा ऊपर विनिर्दिष्ट प्रशमन की रकम को संशोधित कर सकेगी :

परंतु यह और कि एक ही अपराधी द्वारा तीन से अधिक अवसरों पर किए गए समान प्रकृति के अपराध प्रशमनीय नहीं होंगे :

परंतु यह भी ऐसे अपराधों का प्रशमन केवल अभिकथित अपराधी द्वारा ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी के ऐसे समाधानप्रद रूप में कार्य करने केपश्चात् ही किया जाएगा कि ऐसा अपराध आगे और जारी नहीं रहेगा ।

(2) जहांउपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का प्रशमन किया गया है वहां ऐसे अपराध के संबंध में अपराधी के विरुद्ध और कार्यवाहियां नहीं की जाएगी और अपराधी, यदि अभिरक्षा में है, को निर्मोचित या उन्मोचित कर दिया जाएगा ।"।

******

32. पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014

(2014 का अधिनियम संख्याकं 07)

धारा 1 :- उपधारा (2) में"जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय"का लोप करें ।

******

33. टैक्सटाइल समिति अधिनियम, 1963

(1963 का 41)

धारा 2क.- लोप करें ।

******

34. व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926

(1926 का 16)

धारा 9 –"रजिस्ट्रीकृत कर लेने पर" के पश्चात्

"अधिनियम के अन्य उपबंधों को पूरा करने के अधीन रहते हुए तीस दिन से अवधि की अवधि के भीतर" अंत:स्थापित करें।

******

35. अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951

(1951 का 61)

धारा 3.— उप-धारा (1) में "जम्मू और कश्मीर राज्य सहित" का लोप करें।

******

36. केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर अधिनियम, 2017

(2017 का 12)

धारा 2.— (i) खंड (114) की, उप-धारा (ड.) में "और" का लोप करें तथा उप-खंड (ड.) के पश्चात, निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाए—

"(ड.क) लद्दाख; और"; और

(ii) खंड (121) का लोप करें ।

******

37. कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984

(1984 का 66)

धारा 1– उप-धारा (2) में "जम्मू और कश्मीर राज्य के सिवाय" का लोप करें।

धारा 19.— उप-धारा (6) का लोप करें।

******

38. न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1870

(1870 का 7)

धारा 26.— धारा 26 को इसकी उप-धारा (1) के रूप में संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुन: संख्याकित की गई उप-धारा (1) के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें–

"(2) उप-धारा (1) और धारा 25 के प्रयोजनों के लिए "स्टाम्प" से कोई चिन्ह, मुद्रा अथवा समुचित सरकार द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत कोई अभिकरण अथवा व्यक्ति द्वारा पृष्ठांकन अभिप्रेत है और इसमें इस अधिनियम के अधीन प्रभार्य न्यायालय शुल्क के प्रयोजनों के लिए कोई आसंजक अथवा छापित स्टाम्प भी है।

स्पष्टीकरण 1:–"छापित स्टाम्प" के अंतर्गत किसी फ्रेकिंग मशीन अथवा किसी अन्य मशीन द्वारा छाप अथवा ई-स्टाम्पिंग अथवा इसी प्रकार के सॉफ्टवेयर द्वारा उत्पन्न की गई कोई विशिष्ट संख्या भी है" जो समुचित सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

स्पष्टीकरण 2:–"ई-स्टाम्पिंग" से विशिष्ट संख्या अथवा किसी इलेक्ट्रॉनिक मशीन के माध्यम से कोड अथवा किसी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग का उपयोग करके स्टाम्प लगाना अभिप्रेत है"।

******

39. भारतीय वन अधिनियम, 1927

(1927 का 16)

धारा 2.– (i) खंड (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखें –

"(1) प्राधिकृत अधिकारी" से धारा 52 की उप-धारा (2) के अधीन प्राधिकृत कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(1क) "**पशुओं**" के अन्तर्गत हाथी, ऊंट, भैंस, घोड़े, घोड़ी, बधिया घोड़ा, टट्टू, बछड़ा, बछेड़ी, खच्चर, गधे, सूअर, मेड़ा, भेड़ी, भेड़, मेमना, बकरी और मेमने भी हैं ;

(1ख) "**वन आधारित उद्योग**" से कोई ऐसा उद्योग अथवा यूनिट अभिप्रेत है जिसमें किसी वन उत्पाद को कच्ची सामग्री के रूप में अथवा ऊर्जा के स्रोत के रूप में प्रयोग किया जाता हो;";

(ii) खंड (4) के स्थान पर, निम्नलिखित रखें –

(4) "**वन उत्पाद**" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं—

(क) काष्ठ, काठ कोयला, रबड़, कत्था, काष्ठ तेल, राल, प्राकृतिक रोगन, छाल, लाख, कथ, हरहड़, डाइसकोरिया, ईंधन की लकड़ी, ह्यूमस, रिसोन्ट, मॉरेल्स, (मोरचेला एसपीपी), एकोनिटम एसपीपी, पोडोफाइलम एसपीपी, पिक्रोरहिजा एसपीपी, ट्रिलियम एसपीपी, नार्डोस्टैची एसपीपी, टैक्सस एसपीपी, वैलेरियन एसपीपी, ह्यूम एसपीपी, वन्य जीव, खाल, हाथी दांत, सींग, हड्डियां तथा वन्य जीवों के अन्य सभी अंग या उत्पाद चाहे वे किसी वन में पाए गए हों अथवा वन से लाए गए हैं अथवा नहीं; और

(ख) निम्नलिखित जब वन में पाए जाएं अथवा वन से लाए गए हों, अर्थात्:—

(i) पेड़ तथा पत्तियां, पुष्प और फल, जड़ तथा खंड (क) में विनिर्दिष्ट न किए गए वृक्षों के अन्य सभी भाग अथवा उत्पाद;

(ii) पौधे, जो वृक्ष न हो (जिनमें घास, बांस, लताएं, सरकंडे तथा काई और सेवाक भी हैं) तथा इस प्रकार के पौधों के सभी भाग अथवा उत्पाद;

(iii) रेशम, कृमि कोष, शहद, गोंद; और

(iv) सड़ी-गली घास, मृदा, चट्टान तथा खनिज (जिनमें चूना, लेटेराइट, खनिज तेल तथा खान अथवा खदानों के सभी उत्पाद भी हैं);

(iii) खंड (5) के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें -

'(5क) "आरा मिल" से कोई संयंत्र और उसकी मशीनरी अभिप्रेत है जिसके साथ उसके परिसर (जिनमें उनके उप-क्षेत्र भी हैं) जिसमें या जिसके किसी भाग में विद्युत अथवा यांत्रिक शक्ति की सहायता से लकड़ी की चिराई की जाती हो;';

(iv) खंड (6) के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें -

"(6क) "परिवाहक" के अन्तर्गत कोई व्यक्ति, निजी अभिकरण, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र विभाग, निगम अथवा स्वप्रेरणा से या अन्य किसी व्यक्ति की ओर से वन उत्पाद के परिवहन में लगी अन्य कोई एजेंसी शामिल है:";

(v) खंड (7) के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें -

"(8) "वन्य जीव" का वही अर्थ होगा जो इसका वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में दिया गया है".

धारा 20 के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें –

"20क.

सीमांकित वनों को (1) इस अधिनियम अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते

आरक्षित वन समझा जाना.–

हुए, किसी ऐसी भूमि, जिसे जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के अधीन अधिसूचित किए गए नियत दिवस से पूर्व जम्मू-कश्मीर सरकार की तारीख 29 सितम्बर के आदेश सं. 1962 के 69 के अनुसार राजस्व उद्यान (लद्दाख) के रूप में अभिलिखित किया गया था तथा जिसे वन विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया था, को इस अधिनियम के अधीन आरक्षित वन के रूप में माना जाएगा।

(2) ऐसे वन की संरचना के संबंध में सभी विनिश्चित प्रश्नों, जारी किए गए आदेशों और तैयार किए गए अभिलेखों को इस अधिनियम के अधीन विनिश्चित, जारी और तैयार किया गया माना जाएगा तथा आरक्षित वनों से संबंधित इस अधिनियम के सभी उपबंध उस वन के संबंध में लागू होंगे जिसको उप-धारा (1) के उपबंध लागू हैं"

धारा 26. –उप-धारा (1) में,–

(i) खंड (ड.) में "खींचना" के स्थान पर "खींचना अथवा हटाना" रखें;

(ii) खंड (च) में "उसी" के स्थान पर "उसी अथवा कोई भी वन उत्पाद" रखें

(iii) खंड (ज) के स्थान पर निम्नलिखित रखें —

"(ज) किसी आरक्षित वन में खेती करने अथवा अन्य किसी प्रयोजन के लिए भूमि की सफाई करता है अथवा उसे अलग करता है अथवा बाड़, आहाता अथवा कोई ढांचा खड़ा करता है अथवा खेती करने का प्रयास करता है";

(iv) दीर्घपंक्ति में "छह मास अथवा ऐसे जुर्माने से जो पांच सौ रु. तक हो सकेगा" के स्थान पर "दो वर्ष अथवा ऐसे जुर्माने से जो पच्चीस हजार रु. तक हो सकेगा", रखें

धारा 28:-

(i) उप-धारा (1) में "आरक्षित वन" के स्थान पर "आरक्षित वन अथवा घोषित कोई संरक्षित वन अथवा ऐसी भूमि जिसे बंदोबस्त अभिलेखों में खालसा भूमि के रूप में प्रविष्ट किया गया है" रखें।

(ii) उप-धारा (3) में "आरक्षित वन" के पश्चात "अथवा यथास्थिति संरक्षित वन, अन्तस्थापित करें।

धारा 29 के पश्चात निम्नलिखित अन्तस्थापित करें:-

संरक्षित वन समझे जाने वाले गैर-सीमांकित वन

"29क (1) इस अधिनियम अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के अंतर्गत अधिसूचित नियत दिन से पूर्व कोई भी गैर-सीमांकित वन (जिससे यह अभिप्रेत है और इसमें सीमांकित वन से भिन्न सभी प्रकार की ऐसी वन भूमि शामिल है जो लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की संपत्ति है और जिसे किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए विनियोजित नहीं किया गया है और जिसमें जम्मू-कश्मीर ग्राम पंचायत अधिनियम, 1958 की धारा 48 अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन वन विभाग में गैर-सीमांकित और बेरन लाइन वन के रूप में अंतर्विष्ट की गई भूमि शामिल है), को इस अधिनियम के अधीन संरक्षित वन समझा जाएगा।

(2) गैर-सीमांकित वन के रूप में ऐसे वन की संरचना के संबंध में सभी विनिश्चित मामले, जारी आदेश और तैयार किए गए अभिलेखों को इस अधिनियम के अधीन विनिश्चित, जारी और तैयार किया गया माना जाएगा और संरक्षित वन क्षेत्र से संबंधित इस अधिनियम के उपबंध उन वन को भी लागू होंगे जिनको उप-धारा (1) के उपबंध लागू होते हैं।

धारा 33- 39 धारा (1) में-

(i) खंड (ग) में "अथवा स्पष्ट करता है" के पश्चात "अथवा ब्यौरा तैयार करने का प्रयास करता अथवा स्पष्ट करता है" अन्त: स्थापित करें।

(ii) खंड (च) में "खींचकर ले जाता है" के पश्चात "अथवा हटा देता है" अन्त: स्थापित करें।

(iii) दीर्घ पंक्ति में "छह मास अथवा ऐसे जुर्माने जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा" के स्थान पर "दो वर्ष अथवा ऐसा जुर्माना जो पच्चीस हजार रुपए तक का हो सकेगा" रखें।

धारा 42- उप-धारा (1) में "छह मास" और पांच सौ रुपए " के स्थान पर क्रमश: "दो वर्ष" और पच्चीस हजार रखें ।

धारा – 51- उप-धारा (2) में " छह मास अथवा ऐसे जुर्माने से जो पांच सौ रु. तक का हो सकेगा" के स्थान पर "दो वर्ष अथवा ऐसे जुर्माने से जो पच्चीस हजार रुपए तक का हो सकेगा" रखें।

धारा 52 के स्थान पर, निम्नलिखित रखें:-

अधिहरण जाने वाली संपत्ति का अभिग्रहण और उसकी प्रक्रिया

"52(1) जब यह विश्वास करने का कारण है कि किसी आरक्षित वन, संरक्षित वन, ग्राम वन अथवा वन उत्पाद के संबंध में कोई वन संबंधी अपराध किया गया है, तो किसी ऐसे अपराध को करने में प्रयुक्त सभी औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा किसी अन्य वस्तु के साथ वन उत्पाद को वन अधिकारी अथवा पुलिस अधिकारी द्वारा अभिग्रहीत किया जा सकता है।

(2) इस धारा के अधीन किसी संपत्ति को अभिग्रहीत करने वाला प्रत्येक अधिकारी ऐसी संपत्ति पर यह उपदर्शित करने वाला एक चिन्ह लगाएगा कि उसे इस प्रकार अभिग्रहीत किया गया है और यथाशीघ्र ऐसे अभिग्रहण की रिपोर्ट उस अधिकारी को प्रस्तुत करेंगा जिसका रैंक संभागीय वन अधिकारी (जिसे इसमें इसके पश्चात "प्राधिकृत अधिकारी" कहा गया है) के रैंक से नीचे का न हो।

परन्तु यह कि जब वन उत्पाद जिसके संबंध में ऐसा अपराध किया गया हुआ माना जाता है, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की संपत्ति है और अपराधी अज्ञात है, तो यह पर्याप्त होगा यदि वह अधिकारी यथाशीघ्र इस परिस्थिति की रिपोर्ट अपने वरिष्ठ पदाधिकारी को दे देता है।

(3) उप-धारा (5) के अध्यधीन, जहां प्राधिकृत अधिकारी का अभिग्रहण के बारे में रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर इस बात का समाधान हो जाता है कि उसके संबंध में वन अपराध किया गया है तो वह लिखित में आदेश द्वारा और कारणों को लेखबद्ध करके इस प्रकार अभिग्रहीत किए गए वन उत्पाद को सभी औजारों, शस्त्रों, नावों, छकड़ा, उपकरण, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा ऐसे अपराध को करने में प्रयोग किए गए किसी अन्य वस्तु के साथ अभिग्रहीत कर सकेगा और अभिहरण आदेश की एक प्रति कोई अनुचित विलम्ब किए बिना उस व्यक्ति को अग्रेषित करेगा जिससे संपत्ति अभिग्रहीत की गई है और वन मंडल के संरक्षक को अग्रेषित करेगा जिसमें वन उत्पाद, औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपकरण, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा अन्य कोई वस्तु, जैसा भी मामला हो, अभिग्रहीत किया गया है।

(4) उप-धारा (3) के अधीन किसी संपत्ति का अभिहरण करने वाला कोई भी आदेश तब तक नहीं किया जाएगा जब तक प्राधिकृत अधिकारी, -

(क) संपत्ति के अभिहरण संबंधी कार्यवाही को आरंभ करने के बारे में उस अपराध का विचारण करने का क्षेत्राधिकार रखने वाले मजिस्ट्रेट को लिखित में सूचना नहीं भेज देता है, जिसके कारण अभिग्रहण किया गया है;

(ख) उस व्यक्ति को लिखित में नोटिस जारी करता है जिससे संपत्ति अभिग्रहीत की जाती है और किसी ऐसे अन्य व्यक्ति को नोटिस जारी करता है जिसका प्राधिकृत अधिकारी की राय में ऐसी संपत्ति में कोई हित हो;

(ग) खंड (ख) में निर्दिष्ट व्यक्तियों को प्रस्तावित अभिहरण के विरुद्ध नोटिस में विनिर्दिष्ट ऐसे युक्तियुक्त समय के भीतर अभ्यावेदन देने का अवसर प्रदान करता है; और

(घ) अभिग्रहण करने वाले अधिकारी और व्यक्ति अथवा उन व्यक्तियों को जिन्हें खंड (ख) के अधीन नोटिस जारी किया गया है, को इस प्रयोजनार्थ निश्चित की गई तारीख को सुनवाई का अवसर देगा;

(5) किसी औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा कोई अन्य वस्तु (अभिग्रहीत की गई लकड़ी अथवा वन उत्पाद से भिन्न) के अभिहरण का कोई भी आदेश उप-धारा (3) के अधीन नहीं किया जाएगा, यदि उप-धारा (4) के खंड (ख) में निर्दिष्ट कोई व्यक्ति प्राधिकृत अधिकारी के समाधान के लिए यह सिद्ध कर देता है कि ऐसा कोई औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा कोई अन्य वस्तु उसकी जानकारी अथवा मौनानुकूलता के बिना अथवा जैसा भी मामला हो, अथवा उसके नौकर अथवा अभिकर्ता की जानकारी अथवा मौनानुकूलता के बिना प्रयोग किया गया था और यह कि वन अपराध के करने के संबंध में उपर्युक्त वस्तुओं के प्रति सभी युक्तियुक्त और आवश्यक पूर्व सावधानियां बरती गई हैं।

(6) जहां वन अपराध को करने में पशु अन्तर्वलित होते हैं तो उसे किसी अधिकारी द्वारा अभिग्रहीत करने के पश्चात् किसी जिम्मेदार व्यक्ति को इस बचनबद्धता के साथ समुचित रसीद देने के बाद सौंपा जाएगा कि उसे मामले में जब अपेक्षित हो, प्रस्तुत किया जाएगा और ऐसे अपराध स्थल से पांच किलोमीटर की परिधि के भीतर कोई पशु अवरोधशाला नहीं पाई जाएगी:

परन्तु यह कि धारा 57 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, दावा न किए गए पशु के मामले में, वन अधिकारी जिसका रैंक रेज अधिकारी से नीचे हो, अपराध स्थल के पास-पड़ोस में ऐसे प्रचार-प्रसार करने की तारीख से सात दिनों के भीतर दावा करने के लिए आगे आने वाले स्वामी के संबंध में पर्याप्त रूप से प्रचार- प्रसार करने के पश्चात किसी सार्वजनिक नीलामी द्वारा उनका निपटान कर सकता है।

(7) पशु अतिचार अधिनियम 1871 (1971 का 1) के उपबंध , पशु के रख-रखाव और फीस के लिए लगाए गए प्रभारों के संबंध में लागू होंगे।

अभिहरण के आदेश के विरुद्ध सत्र न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण

"52क (1) अभिहरण के आदेश द्वारा पीडित कोई पक्षकार धारा 52 के अधीन आदेश किए जाने के तीस दिनों के भीतर अथवा यदि व्यक्ति के तथ्य उसे संसूचित नहीं किए गए है तो ऐसे आदेश के उसकी जानकारी में आने के तीस दिनों के भीतर सत्र न्यायालय के उस डिवीजन के समक्ष पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत कर सकता है जहां प्राधिकृत अधिकारी का मुख्यालय स्थित है

स्पष्टीकरण-1 - इस उप-धारा के अधीन तीस दिनों की अवधि की गणना करने में, प्राधिकृत अधिकारी के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय को उसमें सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

स्पष्टीकरण-2 - इस उप-धारा के प्रयोजनार्थ संघ राज्य क्षेत्र में परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में ऐसे आदेश के प्रकाशित हो जाने पर पक्षकार को धारा 52 के अधीन ऐसे अभिहरण के आदेश की जानकारी रखना माना जाएगा।

(2) सत्र न्यायालय प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पारित अभिहरण के किसी अंतिम आदेश की पुष्टि कर सकता है, उसे उलट सकता अथवा उपांतरित कर सकता है।

(3) पुनरीक्षण में पारित किए गए आदेश की प्रति प्राधिकृत अधिकारी को अनुपालना हेतु अथवा ऐसे न्यायालय द्वारा निर्देशित ऐसा कोई और आदेश पारित करने अथवा ऐसा अगला आदेश देने अथवा आगे ऐसी अगली कोई कार्यवाही करने के लिए भेजी जाएगी।

(4) इस धारा के अधीन किसी पुनरीक्षण याचिका को ग्रहण करने, उस पर सुनवाई करने और विनिश्चित करने के लिए, सत्र न्यायालय यथासंभव उन्हीं शक्तियों का प्रयोग करेगा और उन्हीं प्रक्रियाओं का अनुसरण करेगा जो वह दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) के अधीन किसी पुनरीक्षण को ग्रहण करने, उस पर सुनवाई करने और विनिश्चय करते समय प्रयोग करता है।

(5) दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) में अंतर्विष्ट किसी तत्प्रतिकूल बात के होते हुए भी, इस धारा के अधीन पारित सत्र न्यायालय का आदेश अंतिम होगा और किसी न्यायालय के समक्ष उसे प्रश्नगत नहीं किया जाएगा।

कतिपय परिस्थितियों में न्यायालयों आदि के क्षेत्राधिकार पर वर्जन

52ख- (1) ऐसे अपराध जिसके कारण संपत्ति का अभिग्रहण जो अधिहरण की विषयवस्तु है, को अभिहरण किया गया है, का विचारण करने के लिए धारा 52 की उप-धारा 4 के अधीन क्षेत्राधिकार रखने वाले मजिस्ट्रेट द्वारा संपत्ति के अभिहरण संबंधी कार्यवाहियों की सूचना के बारे में रिपोर्ट प्राप्त होने पर, किसी भी न्यायालय, अधिकरण अथवा प्राधिकारी (धारा 52 और 52क में निर्दिष्ट प्राधिकृत अधिकारी और सत्र न्यायालय से भिन्न) को, इस अधिनियम अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी भी तत्प्रतिकूल बात के होते हुए भी, ऐसी संपत्ति के कब्जे, परिदान, निपटान अथवा वितरण का क्षेत्राधिकार नहीं होगा जिसके संबंध में धारा 52 के अधीन अभिहरण की कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

स्पष्टीकरण- जहां तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन वन अपराधों के विचारण का क्षेत्राधिकार दो अथवा अधिक न्यायालयों के पास है तो न्यायालयों में से किसी एक न्यायालय द्वारा धारा 52 की उप-धारा (4) के अधीन सूचना के प्राप्त होने पर सभी ऐसे अन्य न्यायालयों को क्षेत्राधिकार का प्रयोग करना वर्जित होगा।

(2) उप-धारा (1) की कोई भी बात इस अधिनियम की धारा 61 के अधीन शक्ति को प्रभावित नहीं करेगी

तलाशी और अभिग्रहण की शक्ति

52ग (1) किसी भी वन अधिकारी अथवा पुलिस अधिकारी, यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि किसी यान का प्रयोग उस वन उत्पाद के परिवहन के लिए किया गया है अथवा किया जा रहा है, जिसके संबंध में यह विश्वास करने का कारण है कि वन अपराध किया गया है अथवा किया जा रहा है, ऐसे यान के चालक अथवा उसके प्रभारी अन्य व्यक्ति को यान को रोकने और उसे वही उतने समय तक रुके रहने के लिए कहना जब तक यान में रखे सामान की जांच के लिए युक्तियुक्त रूप से आवश्यक है और ले जाए जा रहे उस माल से संबंधित सभी अभिलेखों की जांच किया जाना अपेक्षित है जो ऐसे चालक अथवा यान के प्रभारी अन्य व्यक्ति के कब्जे में है

(2) कोई भी वन अधिकारी जो रेंज अधिकारी के रैंक से कम का नहीं है, के पास यदि यह विश्वास करने का युक्तियुक्त आधार है कि वन उत्पाद इस अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघनस्वरूप है, किसी स्थान पर किसी व्यक्ति के कब्जे में है, तो वह वन उत्पाद की तलाशी करने और उसका अभिग्रहण करने के उद्देश्य से ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है

परंतु यह कि ऐसी तलाशी दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) के उपबंधों के अनुसार की जाएगी अन्यथा नहीं।

अभिग्रहण की कार्यवाही का बलपूर्वक विरोध करने के लिए दंड

52घ- जो कोई भी व्यक्ति, इस अधिनियम के अधीन अभिग्रहीत किए जाने वाले किसी वन उत्पाद, औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा किसी अन्य वस्तु के अभिग्रहण का विरोध करता है अथवा अभिग्रहण के पश्चात बलपूर्वक वापस ले लेता है तो वह ऐसी

अवधि के कारावास जो दो वर्ष तक हो सकेगा अथवा ऐसे जुर्माने से जो पच्चीस सौ रुपए तक हो सकेगा, अथवा दोनों से दंडनीय होगा

धारा 53 के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

धारा 52 के अधीन अभिग्रहीत की गई संपत्ति को निर्मोचित करने की शक्ति

"53- कोई भी वन अधिकारी जिसका रैंक, रेंज अधिकारी के रैंक से कम का न हो, जिसने अथवा जिसके अधीनस्थ ने वन उत्पाद सहित किसी वन अपराध को करने में प्रयुक्त किसी औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा किसी अन्य वस्तु को धारा 52 के अधीन अभिग्रहीत किया है, वह संपत्ति के लिए उस संपत्ति के स्वामी द्वारा बैंक गारंटी के रूप में प्रतिभूति, ऐसी धनराशि जो ऐसे अधिकारी द्वारा यथा अनुमानित ऐसी संपत्ति के मूल्य से कम न हो, निष्पादन करने पर उसे समय तक निर्मोचित कर सकता है, जब अपराध का विचारण करने के लिए क्षेत्राधिकार रखने वाले मजिस्ट्रेट द्वारा अथवा धारा 52 की उप-धारा (2), जिसके कारण अभिग्रहण किया गया है, के अधीन सशक्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऐसा करना अपेक्षित हो:

परंतु यह कि जब किसी वन उत्पाद का अभिग्रहण किसी ऐसे सदूर अवस्थान पर किया गया है जहां से उसे तत्काल ले आना संभव नहीं है तो वह अधिकारी जो अथवा जिसके अधीनस्थ ने धारा 52 के अधीन अभिग्रहण किया गया है, उसे किसी जिम्मेदार व्यक्ति को ऐसे व्यक्ति द्वारा इस प्रकार सौंपी गई संपत्ति को प्रस्तुत करने के संबंध में बंधपत्र निष्पादित करने पर उसे सौंप सकता है जब अपराध के विचारण करने के लिए क्षेत्राधिकार रखने वाले मजिस्ट्रेट द्वारा अथवा धारा 52 की उप-धारा (2), जिसके कारण अभिग्रहण किया गया है, के अधीन अधिकार प्राप्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऐसा करना अपेक्षित हो।"

धारा 54 के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

मजिस्ट्रेट द्वारा अभिहरण की रिपोर्ट की प्राप्ति और तत्संबंधी प्रक्रिया

"54- धारा 52 की उप-धारा (4) के अधीन कोई रिपोर्ट प्राप्त होने पर, मजिस्ट्रेट विधि के अनुसार अपराधी की गिरफ्तारी और विचारण तथा संपत्ति के निपटान के लिए सब सुविधापूर्ण शीघ्रता से ऐसे आवश्यक उपाय करेगा:

परंतु यह कि संपत्ति के निपटान के लिए कोई आदेश जारी करने से पहले, मजिस्ट्रेट समाधान करेगा कि धारा 52 कि उप-धारा (4) के अधीन उसके न्यायालय द्वारा अथवा अपराध जिसके कारण संपत्ति का अभिग्रहण किया गया है, के विचारण का क्षेत्राधिकार रखने वाले किसी अन्य न्यायालय द्वारा कोई सूचना प्राप्त नहीं की गई है।"

धारा 55- उप-धारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

"(1) सभी प्रकार की लकड़ी अथवा वन उत्पाद जो किसी भी मामले में संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख प्रशासन की सम्पत्ति नहीं है और जिसके संबंध में वन अपराध किया गया है तथा किसी वन अपराध को करने में प्रयोग किए गए प्रत्येक मामले में प्रयुक्त सभी औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा कोई अन्य वस्तु ऐसे अपराध के अपराधी की दोषसिद्धि होने पर धारा 52, 52क और 52ख के उपबंधों के अध्यधीन, अभिहरण की गई समझी जाएगी।

धारा 56

"जब..... का विचारण" के स्थान पर "52 के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डालें बिना जब..... का विचारण" रखें।

धारा 57 के स्थान पर निम्नलिखित रखें।

"**57....** जब अपराधकर्ता अज्ञात है अथवा उसका पता नहीं लगाया जा सकता तो मजिस्ट्रेट, यदि उसे यह लगता है कि अपराध किया गया है तो वह धारा 52ख के अध्यधीन, उस सम्पत्ति, जिसके संबंध में अपराध किया गया है, को अपराध करने में प्रयोग किए गए औजार, शस्त्र, नाव, छकड़ा, उपस्कर, रस्सी, जंजीर, मशीन, यान, पशु अथवा किसी अन्य वस्तु का अभिहरण करने अथवा उसका समपहरण करने का आदेश दे सकता है और वन अधिकारी द्वारा लिए गए प्रभार अथवा उस व्यक्ति को इसका प्रभारी होने के लिए कह सकता है जिसे मजिस्ट्रेट इसके लिए उपयुक्त समझेः

परंतु यह कि ऐसा कोई आदेश ऐसी सम्पत्ति को अभिग्रहीत करने की तारीख से एक मास व्यतीत होने तक अथवा ऐसे व्यक्ति जो उस पर दावा कर रहा है, और ऐसा कोई साक्ष्य जो वह अपने दावे के समर्थन में प्रस्तुत करें, को सुने बिना नहीं दिया जाएगा।"

धारा 58 के स्थान पर निम्नलिखित रखें ।

धारा 52 के अधीन अभिग्रहीत की गई विनश्वर सम्पति संबंधी प्रक्रिया

"58-धारा 52 की उप-धारा (2) के अधीन प्राधिकारी अथवा मजिस्ट्रेट, इससे पूर्व किसी बात के होते हुए भी, धारा 52 के अधीन अभिग्रहीत किसी सम्पत्ति की बिक्री का निदेश दे सकता है और त्वरित एवं प्राकृतिक क्षय के अधीन रहते हुए उन आगमों का निपटान कर सकेगा मानों उसने तब निपटाया होता यदि वह बेची न गई होती।"

धारा 60

उसकी उप-धारा (2) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया गया और इस प्रकार पुनःसंख्याकित के रूप में उप-धारा (2) के पहले निम्नलिखित अंतःस्थापित करें"(1) धारा 52 के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अभिहरण के लिए आदिष्ट सम्पत्ति को धारा 52क के अधीन सत्र न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण के परिणाम के अध्यधीन, पुनरीक्षण की कार्यवाही का परिणाम आने पर सभी विल्लगमों से मुक्त होकर लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन में निहित हो जाएगी :

पंरतु यह कि यदि धार 52 के अधीन कोई पुनरीक्षण याचिका नहीं दी जाती है तो ऐसा निहितीकरण धारा 52क के अधीन पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत करने के लिए विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्ति होने पर प्रभावी होगा।"

धारा 63

"अथवा जुर्माने से" के स्थान पर "अथवा ऐसे जुर्माने से जो पच्चीस हजार रुपये तक हो सकता है" रखें।

धारा 64 के पश्चात के निम्नलिखित अंतः स्थापित करें।

गैर जमानती अपराध

"**64क** इस अधिनियम अथवा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, धारा 68 के अधीन शमनीय अपराधों को छोड़कर, इस अधिनियम के अधीन सभी अपराध गैर-जमानती होंगे।"

धारा 65 के पश्चात् निम्नलिखित अंतः स्थापित करें।

पुलिस सहायता की अध्यपेक्षा

"**65क....** कोई भी वन अधिकारी धारा 52, धारा 63 और धारा 64 में विनिर्दिष्ट सभी अथवा किसी प्रयोजन के लिए उसकी सहायता करने हेतु किसी पुलिस अधिकारी की सेवाओं की अध्यपेक्षा कर सकता है और ऐसे प्रत्येक अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह ऐसी अध्यपेक्षा का अनुपालन करें।

प्राधिकृत अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के लिए पुलिस अधिकारी की बाध्यता

65ख.... इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन किसी सम्पत्ति को अभिग्रहीत करने वाला कोई भी पुलिस अधिकारी इस अधिनियम की धारा 52 के अधीन मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति लेने के लिए बाध्य होगा।"

धारा 67

" जो छह मास से अधिक का न हो अथवा ऐसे जुर्माने से, जो पांच सौ रुपये से अधिक का न हो" के स्थान पर "जो दो वर्ष से अधिक का न हो अथवा ऐसे जुर्माने से जो पांच सौ रुपये से अधिक का न हो" रखें।

धारा 68 के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

अपराधों के शमन की शक्ति

68 (1) लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन राजपत्र में अधिसूचना द्वारा किसी भी वन अधिकारी जो सहायक वन पर्यवेक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो, को निम्नलिखित के लिए सशक्त करता है-

(क) किसी ऐसे व्यक्ति, जिसके विरुद्ध ऐसा युक्तियुक्त संदेह है, कि उसने धारा 62 अथवा धारा 63 में विनिर्दिष्ट किसी अपराध से भिन्न कोई ऐसा वन अपराध किया है जिसमें पचास हजार रुपये से अनधिक का नुकसान अंतर्विष्ट है, तो उस अपराध जिसके बारे में ऐसे व्यक्ति पर उसे करने का संदेह है, से प्रतिकर के रूप में धनराशि प्राप्त करना:

परंतु यह कि प्रतिकर के रूप में प्राप्त धनराशि किसी मामले में ऐसे अपराध द्वारा हुई हानि में अंतर्वलित धनराशि के दुगने से कम न होगी; और

(ख) जब कोई सम्पत्ति अभिहरण के रूप में अभिग्रहीत की गई है तो उसे ऐसे अधिकारी द्वारा अनुमानित इस उपधारा खंड (क) में निर्दिष्ट प्रतिकर के अतिरिक्त, उसके मूल्य का संदाय करने पर निर्मुक्त करना।

(2) ऐसे अधिकारी को ऐसे प्रतिकर और ऐसे मूल्य का संदाय होने पर, संदिग्ध व्यक्ति, यदि वह अभिरक्षा में है, को छोड़ दिया जाएगा और सम्पत्ति, यदि कोई अभिग्रहीत की गई है, निर्मुक्त कर दी जाएगी और ऐसे व्यक्ति अथवा सम्पत्ति के विरुद्ध आगे कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

धारा 69

"प्रतिकूल सिद्ध होता है" के स्थान पर "अभियुक्त द्वारा प्रतिकूल सिद्ध किया जाता है" रखें।

धारा 69 के पश्चात निम्नलिखित अंतःस्थापित करें

अपराधों के लिए दुगनी शास्तियां

"**69क**-शास्तियां जो इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन निर्दिष्ट शास्तियों से दोगुनी है, उन मामलों में लगायी जाएंगी जहां अपराध सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय के पहले अथवा विधिसम्मत प्राधिकारी को रोकने के लिए तैयारी करने के पश्चात किया जाता है अथवा जहां अपराधी को इसी प्रकार के अपराध के लिए पूर्व में दोषसिद्ध किया जा चुका है।"

धारा 71

"दस रुपये", "दो रुपये", "एक रुपये" और "आठ आने" के स्थान पर क्रमशः "एक हजार", "दो हजार", "दो सौ पच्चास रुपये", "एक सौ रुपये" और "पच्चास रुपये" रखें।

धारा 72 के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

वन अधिकारियों की शक्तियां

72 (1) वन अधिकारी के पास निम्नलिखित शक्तियां होंगी, अर्थात्-

(क) किसी भूमि पर प्रवेश करने, सर्वेक्षण करने, सीमांकित करने और उसका मानचित्र तैयार करने की शक्ति।

(ख) साक्ष्यों को उपस्थित होने के लिए बाध्य करने और दस्तावेजों तथा महत्वपूर्ण वस्तु को पेश करने की सिविल न्यायालय की शक्ति।

(ग) वन अपराधों में जांच करने की शक्ति और ऐसी जांच के दौरान साक्ष्य प्राप्त करने और अभिलिखित करने की शक्ति; और

(घ) दण्ड प्रक्रिया, 1973 (1974 का 2) के अधीन तलाशी वारंट जारी करने की शक्तिः

परंतु यह कि खंड (ख) और (ग) के अधीन ये शक्तियां रैंज अधिकारी से नीचे के रैंक के वन अधिकारी द्वारा प्रयोग नहीं की जाएंगी:

परंतु यह कि खंड (घ) के अधीन ये शक्तियां संभागीय वन अधिकारी से नीचे के रैंक के नीचे के वन अधिकारी द्वारा प्रयोग नहीं की जाएंगी।

(2) उप-धारा (1) खंड (ग) के अधीन अभिलिखित किया गया कोई भी साक्ष्य मजिस्ट्रेट के समक्ष पश्चातवर्ती किसी विचारण में तब ग्राह्य होगा यदि वह अभियुक्त व्यक्ति की उपस्थिति में लिया गया है।

(3) कोई भी वन अधिकारी जिसका रैंक, रेंज अधिकारी से कम न हो, जांच करने की अपनी शक्तियों को वन रक्षक के रैंक के अधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकेगा यदि अपराध धारा 68 के अधीन शमनीय है।

धारा 74 के स्थान पर निम्नलिखित रखें-

सदभावपूर्वक में किए गए कार्यों के लिए क्षतिपूर्ति

74 (1) इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा तदधीन किए गए आदेशों के अधीन किसी लोक सेवक के विरुद्ध सदभावपूर्वक या उसी प्रकार किए जाने के लिए लोप की गई किसी बात के लिए कोई वाद, अभियोजन अथवा अन्य विधिक कार्रवाही नहीं की जाएगी।

(2) लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की पूर्व स्वीकृति के सिवाए, किसी वन अधिकारी द्वारा अपने शासकीय कर्तव्य के निर्वहन में कार्य करते हुए अथवा कार्य करने के लिए तात्पर्य रखते हुए किये गये किसी कथित अपराध का जानकारी किसी भी न्यायालय द्वारा नहीं लिया जाएगा।

धारा 76 के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित करें-

वन उत्पाद पर आधारित वस्तु के विनिर्माण और उसकी तैयारी को विनियमित करने की शक्ति

76क (1) लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन निम्नलिखित के संबंध में नियम बना सकता है।

(क) निम्नलिखित वस्तुओं, वन उत्पाद के उपयोग अथवा विनिर्माण अथवा तैयारी में कार्यरत अथवा उद्योगों सहित आरा मिलों, लकड़ी डिपो, अग्निकाष्ठ डिपो और अन्य इकाइयों की स्थापना और लाइसेंस, परमिट अथवा अन्य द्वारा विनियमन (और उसकी फीस के संदाय करने का उपबंध करना।

(i) खैरकाष्ठ से कत्था (केटेचु) अथवा कच;

(ii) रेसिन और वुडऑयल से रोसिन, टरपेंटाइन, अन्य उत्पाद;

(iii) प्लाइवुड, वेनिर और काष्ठ आधारित उत्पाद;

(iv) माचिस की डिब्बी और माचिस की तीलियां;

(v) काष्ठ से बने पैकिंग केस सहित डिब्बे;

(vi) काष्ठ से बने जुडनार और फर्नीचर की वस्तुएं;

(vii) चारकोल, चूना पत्थर और जिप्सम;

(viii) वन उत्पाद पर आधारित ऐसी अन्य वस्तुएं जो लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन राजपत्र में अधिसूचना समय-समय पर विनिर्दिष्ट करें;

(ख) खंड (क) में उल्लिखित वस्तुएं तैयार करने के लिए कच्चा माल उपाप्त करने के लिए लाइसेंस, परमिट अथवा अन्यथा द्वारा विनियमन, उसके लिए फीस का संदाय और निक्षेप और उसकी शर्तों का संपर्क अनुपालन ऐसी किसी शर्त का उल्लंघन करने के लिए इस प्रकार जमा की गई फीस अथवा उसके किसी भाग के लिए अभिहरण संबंधी उपबंध करना और ऐसे प्राधिकारी द्वारा ऐसे अधिहरण का न्याय निर्णयन जैसा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

(2) लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन यह उपबंध कर सकता है कि इस धारा के अधीन बनाए गए किसी भी नियम का उल्लंघन ऐसी अवधि के कारावास जो दो वर्ष तक का हो सकेगा अथवा जुर्माने से, जो पच्चीस हजार रुपये तक का हो सकेगा अथवा दोनों, से दण्डनीय होगा।

धारा 77

"जो एक मास तक का हो सकेगा, अथवा ऐसे जुर्माने से, जो पच्चीस सौ रुपये तक हो सकेगा" के स्थान पर "जो दो वर्ष तक का हो सकेगा, अथवा ऐसे जुर्माना से जो पच्चीस हजार रुपये तक का हो सकेगा" रखें।

धारा 79

उप-धारा (2) में दीर्घ पंक्ति "ऐसी अवधि के कारावास जो एक मास, अथवा जुर्माने से, जो पच्चीस सौ रुपये तक हो सकेगा, से दण्डनीय होगा" के स्थान पर "ऐसी अवधि के कारावास जो एक वर्ष तक हो सकेगा अथवा जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक हो सकेगा, से दण्डनीय होगा" रखें।

धारा 79 के पश्चात अंत: स्थापित करें-

आरक्षित अथवा संरक्षित वन के रूप में निर्धारित भूमि का अनधिकृत रूप से

79क (1) कोई भी व्यक्ति जो धारा 20 अथवा धारा 29 के अधीन , जैसा भी मामला हो, आरक्षित अथवा संरक्षित वन के रूप में निर्धारित क्षेत्र किसी भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जा करता है अथवा कब्जे में रखता है तो अधिनियम के किसी अन्य उपबंध के अधीन उसके विरुद्ध की जाने वाली किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना वन अधिकारी जो संभागीय वन अधिकारी के रैंक से कम न हो, के आदेश के द्वारा उसे संक्षेपत: कराया जा सकता है और ऐसी भूमि पर खड़ी किसी फसल

कब्जा करने लेने के लिए शास्ति

अथवा कोई भवन अथवा कोई कार्य जो उस पर बना हो सकता है, को यदि ऐसे वन अधिकारी द्वारा ऐसे समय के अंदर नहीं हटाया जाता तो वह समपहरण का दायी होगा:

परंतु यह कि इस उप-धारा के अधीन बेदखल करने का कोई आदेश तब तक नहीं दिया जा सकेगा जब तक बेदखल कराये जाने के लिए प्रस्तावित व्यक्ति को यह कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं किया जाता है कि ऐसा आदेश क्यों न पारित कर दिया जाए।

(2) इस प्रकार अभिग्रहीत की गई किसी भी सम्पत्ति का निपटान ऐसी रीति में किया जाएगा जैसा वन अधिकारी निदेश दें और उस पर खड़ी किसी फसल, भवन को हटाने अथवा अन्य कार्य और भूमि को उसकी मूल स्थिति में लाने के लिए आवश्यक सभी कार्य की लागत को धारा 82 में उपबंधित रीति से ऐसे व्यक्ति से वसूलनीय होगा।

(3) उप-धारा (1) के अधीन वन अधिकारी के आदेश से पीड़ित ऐसे आदेश की तारीख से साठ दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से अथवा सम्यकत: प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से संबंधित मुख्य वन संरक्षक के यहां लिखित रूप में याचिका देकर अपील कर सकता है और ऐसी याचिका के साथ उस आदेश, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, की प्रति संलग्न होगी।

(4) अपील प्राप्त होने पर और पक्षकारों को समन करने के पश्चात तथा कार्यवाही के अभिलेखों का अवलोकन करने के पश्चात, मुख्य वन सर्वेक्षक सुविधा अनुसार अपील की सुनवाई की तारीख निश्चित करेगा और पक्षकारों को उसकी नोटिस देगा और तदनुसार अपील की सुनवाई करेगा।

(5) मुख्य वन सर्वेक्षक द्वारा अपील पर पारित आदेश अंतिम होगा।

अग्नि संबंधी मामलों में उपायुक्त द्वारा संक्षिप्त कार्यवाही

79ख- यदि धारा 79 की उप-धारा (1) के खंड (क) और (ख) के अधीन आने वाले किसी भी मामले में, जिला उपायुक्त को यह प्रतीत होता है कि संबंधित वन किसके अधीन स्थित है तो वह या तो स्वयं अथवा इस प्रयोजनार्थ इसके द्वारा तैनात तहसीलदार के माध्यम से संक्षेप में और प्रशासनिक, रीति से ऐसी स्थानीय जांच करने के पश्चात कि किसी ऐसे व्यक्ति अथवा गांव अथवा अन्य समुदाय ने ऐसी सूचना देने अथवा उसके द्वारा अपेक्षित ऐसी सहायता देने की अवज्ञा की है, तो वह उस पर ऐसा जुर्माना जो एक हजार रुपये से अधिक नहीं होगा, अधिरोपित कर सकता है और साथ ही साथ लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र की सम्पत्ति को हुए नुकसान के लिए ऐसे व्यक्ति, गांव अन्य अथवा अन्य समुदाय अथवा ऐसे गांव के ऐसे व्यक्तिगत सदस्य अथवा अन्य समुदाय द्वारा सभागीय वन अधिकारी के परामर्श से निर्धारित प्रतिकर का संदाय करने का निदेश दे सकता है और इस धारा के अधीन लगाए सभी जुर्माने के भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किए जाएंगे।

उपायुक्त के आदेश के विरुद्ध अपील

79ग-धारा 79ख के अधीन पारित प्रत्येक आदेश के विरुद्ध संबंधित संभागीय आयुक्त को अपील की जा सकती है जिसका उस पर निर्णय अंतिम होगा।

धारा 82 के स्थान पर निम्नलिखित रखें।

लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को देय धनराशि की वसूली

"**82**-इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए किसी नियम, अथवा लकड़ी की कीमत अथवा अन्य वन उत्पाद, अथवा लकड़ी और अन्य वन उत्पाद के संबंध में इस अधिनियम के कार्यान्वयन में उपगत व्यय, और लकड़ी और अन्य वन उत्पाद से संबंधित किसी संविदा के अधीन जिसमें इसके भंग होने के लिए वसूलनीय धनराशि भी है अथवा इसके रद्दकरण के फलस्वरूप अथवा वन अधिकारी के प्राधिकार के द्वारा अथवा उसके अधीन नीलामी अथवा निविदा आमंत्रण द्वारा लकड़ी या अन्य वन उत्पाद के विक्रय से संबंधित नोटिस और इस अधिनियम के अधीन लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को प्रदत्त सभी प्रतिकर के कारण लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र को देय सभी प्रकार की धनराशि यदि निर्धारित तारीख तक संदाय नहीं की जाती है तो उसे तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन वैसे ही वसूला जाएगा

जैसे कि वह भू-राजस्व का बकाया हो।"

बंधपत्र के अधीन देय शास्ति की वसूली

82क-जब किसी वन के पट्टे के संबंध में कोई व्यक्ति स्वयं को किसी कर्तव्य या कार्य को करने के लिए किसी बंधपत्र अथवा लिखत के द्वारा आबद्धकर करता है, अथवा किसी बंधपत्र अथवा लिखत के द्वारा यह प्रंसविदा करता है कि वह और उसका नौकर या अभिकर्ता किसी प्रकार का कृत्य करने से प्रवरित रहेगा तो ऐसे बंधपत्र में अथवा लिखत में निर्दिष्ट सम्पूर्ण धनराशि उसकी शर्तों के भंग होने के मामले में संदाय की जाने वाली राशि के रूप होगी, वह भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 (1872 का 9) की धारा 74 में किसी बात के होते हुए भी, ऐसे भंग के मामले में उससे उस रूप में वसूल की जाएगी जैसे कि वह भू-राजस्व का बकाया हो।

प्रतिकर के फायदे अथवा लाभ अथवा संदाय की पुन: बहाली

82ख-इस अधिनियम अथवा भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 (1872 का 9) अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में निर्दिष्ट किसी बात के होते हुए भी,-

(क) जहां वन उत्पाद की बिक्री अथवा किसी वन से लकड़ी ले जाने से संबंधित कोई संव्यवहार अथवा पट्टा है अथवा उसे इस आधार पर अवैध किया जाता है कि संव्यवहार अथवा पट्टा भारत के संविधान के अनुच्छेद 299 के उपबंधों अथवा उसके अधीन जारी आदेश अथवा निदेश के अनुरूप नहीं है तो कोई भी व्यक्ति जिसने ऐसे संव्यवहार अथवा पट्टे के आधार पर कोई फायदा उठाया अथवा लाभ लिया है तो वह इसको उस व्यक्ति अथवा पक्षकार को वापस करने के लिए बाध्य होगा जिससे यह प्राप्त किया गया था।

(ख) खंड (क) में निर्दिष्ट उसके बदले में संदेय किसी फायदा अथवा लाभ की मात्रा अथवा प्रतिकर की धनराशि इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार निर्धारित की जाएगी और इस प्रकार निर्धारित फायदा अथवा लाभ अथवा प्रतिकर की धनराशि भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जाएगी।

प्राधिकरण का गठन

82ग- धारा 82ख के अधीन लाभ अथवा फायदे के मात्रा अथवा उसका मूल्य अथवा प्रतिकर की धनराशि का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा, जब आवश्यक होगा, एक प्राधिकरण का गठन करेगा जिसमें योग्यता और अनुभव वाले तथा निर्धारित शर्तों एवं निबंधन पर एक अथवा अधिक सदस्य होंगे जिनमें से एक सदस्य को अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा ।

प्राधिकरण की शक्तियां

82घ-(1) प्राधिकरण को सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 धारा 82ख के अधीन फायदा अथवा लाभ की मात्रा अथवा उसके मूल्य अथवा प्रतिकर की धनराशि निर्धारित करने के लिए जांच करने के प्रयोजनार्थ सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का 5) के अधीन निम्नलिखित मामलों के सबंध में वाद का विचारण करते समय सिविल न्यायालय की सभी शक्तियां प्राप्त होंगी:-

(क) किसी व्यक्ति अथवा साक्षी को हाजिर कराने के लिए समन जारी करने और उसे लागू कराने तथा शपथ पर उसकी परीक्षा करने अथवा सत्यनिष्ठापूर्वक प्रतिज्ञान करने;

(ख) जांच की विषयवस्तु से संबंधित किसी दस्तावेज की खोज अथवा प्रस्तुत करने की अपेक्षा करना;

(ग) शपथ पत्र पर साक्ष्य प्राप्त करना;

(घ) किसी न्यायालय अथवा कार्यालय से जांच की विषयवस्तु से संबंधित किसी सार्वजनिक अभिलेख अथवा उसकी प्रति मांगना;

(ङ) साक्षियों की परीक्षा, जांच की विषयवस्तु से संबंधित दस्तावेजों अथवा अन्य लेखा बहिओं

के लिए कमीशन जारी करना।

(2) प्राधिकरण को ऐसे व्यक्ति को एक कमीशन जारी करने की शक्तियां भी होंगी जिसे वह स्थानीय अन्वेषण के लिए उपयुक्त समझे और जो किसी मामले को स्पष्ट करने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित अथवा उचित हो तथा जो किसी सम्पत्ति की जांच अथवा उसके बाजार मूल्य को अभिनिश्चित करने की विषयवस्तु है।

(3) इस धारा के अधीन किसी प्रयोजन के लिए कमीशन निष्पादित करने के लिए निदेशित व्यक्ति को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के उपबंधों के अनुसरण में सिविल न्यायालय द्वारा नियुक्त कमिश्नर की सभी शक्तियां होंगी।

(4) प्राधिकरण को किसी वन उत्पाद अथवा लकड़ी (जहां कहीं भी यह संघ राज्य क्षेत्र में हो) के अभिहरण, अभिहरण, प्रबंधन, परिरक्षण, अंतरिम अभिरक्षा अथवा विक्रय के लिए ऐसा आदेश पारित करने की शक्तियां होंगी जो वह उपयुक्त समझे और जो इसके समक्ष कार्यवाही की विषयवस्तु हो जिसमें पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए रिसीवर की नियुक्ति करना भी शामिल है।

अन्य संक्रमण पर निबंर्धन

82ङ- (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी-

(क) जहां जांच के किसी भी प्रक्रम पर, प्राधिकरण का शपथ पत्र अथवा अन्यथा के द्वारा यह समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति धारा 82ख में निर्दिष्ट किसी संव्यवहार अथवा पट्टा के बदले में कोई फायदा अथवा लाभ अथवा प्रतिकर के संदाय को वसूल करने का जिम्मेदार है, और वह इस आशय से अपनी चल अथवा अचल सम्पत्ति अंतरित करने वाला है ताकि संदाय से बच सके अथवा वसूली, फायदा अथवा लाभ अथवा उसके मूल्य अथवा प्रतिकर की धनराशि, जो उसके द्वारा अवधारित की जा सकती है, को निष्प्रभावी कर सके तो यह लिखित में आदेश द्वारा निदेश दे सकता है कि ऐसा व्यक्ति अपनी चल अथवा अचल सम्पत्ति अथवा उसके किसी भाग, आदेश में यथा निर्दिष्ट, को जांच के लंबित रहने तक अंतरित नहीं कर सकेगा।

(ख) खंड (क) के अधीन जारी किसी भी आदेश अथवा निदेश के उल्लंघन में किया गया सम्पत्ति का कोई भी अन्य संक्रामण शून्य होगा और ऐसी सम्पत्ति का अन्तरिति के बारे में यह समझा जाएगा कि वह उसमें कोई अधिकार, अथवा हित नहीं रखता है।

व्याख्या- इस धारा के प्रयोजनार्थ "अन्य संक्रामण" में सम्पत्ति का बंधक, विक्रय, उपहार, वसीयत, बेनामी संव्यवहार , पारिवारिक निपटारा अथवा किसी अधिकार, हक अथवा हित के अंतरण का कोई अन्य ढंग शामिल है।

(2) शंकाओं को दूर करने के लिए यह घोषित किया जाता है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के खंड 1 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के संबंध में इस धारा के अधीन अधिरोपित युक्तियुक्त निबंर्धन माने जाएंगे।

प्राधिकारण द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया

82च-(1) प्राधिकरण को लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा इस निमित्त बनाए गए किसी नियम के अध्यधीन, नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के अनुरूप अपने कृत्यों के निर्वहन से उत्पन्न अथवा उससे संबंधित सभी मामलों में अपनी प्रक्रिया को विनियमित करने की शक्तियां होंगी।

(2) पक्षकारों को परामर्शी द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने का प्राधिकार-प्राप्त होगा।

अपील

82छ- (1) धारा 82ख के अधीन फायदा अथवा लाभ की मात्रा अथवा उसके मूल्य अथवा प्रतिकर की धनराशि का अवधारण करने के संबंध में प्राधिकरण के अंतिम आदेश से पीड़ित कोई व्यक्ति आदेश की तारीख से तीस दिनों के भीतर जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के समक्ष अपील फाइल कर सकता है और ऐसी प्रत्येक अपील को उच्च न्यायालय की खंड न्यायपीठ द्वारा सुना जाएगा।

(2) प्राधिकरण का कोई अन्य आदेश अपील-योग्य नहीं होगा।

(3) प्राधिकरण का आदेश, अपील के मामले में उप-धारा (1) के अधीन उच्च न्यायालय के विनिश्चय के अधीन, अंतिम होगा तथा जम्मू-कश्मीर भू-राजस्व अधिनियम, 1996 की धारा 90 के अर्थान्तर्गत के प्रमाणपत्र माना जाएगा।

(4) उच्च-न्यायालय के विनिश्चय के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जाएगी।

सिविल न्यायालय की अधिकारिता का वर्जन

82-ज- किसी सिविल न्यायालय को धारा 82-ख के अधीन प्राधिकरण द्वारा जानकारी के लिए गए किसी मामले के संबंध में किसी मुकदमे अथवा अन्य कार्यवाही पर विचार करने का अधिकारिता नहीं होगा।

धारा 83 के पश्चात अंत:स्थापित करें-

वन पट्टेदार आदि द्वारा अन्य संक्रामण पर निर्बंधन

"**83क**-(1) सम्पत्ति अंतरण अधिनियम 1882 (1882 का 4) अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए, किसी पट्टा-विलेख, बंधपत्र अथवा लिखत के अधीन, वन पट्टेदार द्वारा रॉयल्टी अथवा वन पट्टेदार की ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ब्याज, मुआवजा, जुर्माने अथवा किसी अन्य प्रभार्य राशि के लिए प्रतिभूति के रूप में वन पट्टेदार प्रस्तुत की गई किसी सम्पत्ति का तब तक संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख प्रशासन की पूर्वानुमति के बिना अन्य संक्रमित नहीं किया जा सकता जब तक कि मुख्य वन संरक्षक यह प्रमाणित न कर दें कि ऐसे पट्टा-विलेख, बंधपत्र अथवा लिखत के अधीन उसे सौंपे गए सभी कर्त्तव्यों का वन पट्टेदार द्वारा पूर्ण रूप से निर्वहन किया गया है।

(2) उप-धारा (1) का उल्लंघन करके किया गया किसी भी सम्पत्ति का अन्य संक्रामण शून्य होगा तथा ऐसी सम्पत्ति पर अंतरिती का कोई अधिकार, हक अथवा हित अर्जित हुआ नहीं माना जाएगा।

(3) किसी पट्टा-विलेख, बंधपत्र अथवा अन्य लिखत के अधीन वन पट्टेदार से देय रायल्टी, ब्याज, प्रतिकर अथवा जुर्माना अथवा कोई अन्य राशि, तत्समय प्रवृत्त विधि के अनुसार भू-राजस्व के बकाया के रूप में, उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से प्रतिभूति के रूप में प्रस्तुत की गई सम्पत्ति और वन-पट्टेदार के स्वामित्वाधीन किसी अन्य चल अथवा अचल सम्पत्ति से वसूल की जाएगी।

स्पष्टीकरण- इस धारा के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति-

(क) "अन्य संक्रामण" में विक्रय, उपहार, आदान-प्रदान, वसीयत, बंधक, बेनामी संव्यवहार, पारिवारिक समझौता अथवा उसमें किसी अधिकार, हक अथवा हित के अंतरण का कोई अन्य ढंग अथवा उस पर किसी विल्लंगम का सृजन शामिल है;

(ख) "वन पट्टेदार" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत होना समझा जाएगा जिसको किसी पट्टा-विलेख, बंधपत्र अथवा अन्य लिखत के अधीन किसी वन से वन उत्पादों को संपरिवर्तित करने और हटाने का अधिकार दिया गया हो।

(4) शंकाओं दूर करने के लिए घोषित किया जाता है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों पर इस धारा के अधीन लगाए गए निर्बंधनों को युक्तियुक्त निर्बंधन माना जाएगा।"

धारा 84 के पश्चात, अंत:स्थापित करें-

भूमि के अधिनियम का लागू होना

84(क) संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा घोषित कर सकता है कि इस अधिनियम के कोई भी उपबंध ऐसी भूमि को लागू होंगे जो संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख अथवा केंद्रीय सरकार की सम्पत्ति हो, और तदुपरि तदनुसार ऐसे उपबंध उस भूमि को लागू होंगे।"

******

40. चलचित्र अधिनियम,1952

(1952 का 37)

